ज्ञानामृत
इस दुनिया में आजाद कौन है? वह व्यक्ति जो खुद पर नियंत्रण रखता है।
▶▶ होरेस

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | भोपाल, शनिवार 17 मई 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 152 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

## सीएम मोहन यादव का कांग्रेस पर बड़ा हमला, बोले-

# न्यायालय से ऊपर कोई नहीं, धरना सिर्फ नौटंकी

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश के वन मंत्री विजय शाह के एक बयान को लेकर चल रहे विवाद पर कांग्रेस के धरने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीखा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता उमंग सिंघार का धरना सिर्फ एक नौटंकी है और कांग्रेस जानबूझकर कोर्ट की अवमानना करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को पता है कि यह मामला कोर्ट में चल रहा है और कोर्ट से बड़ा कोई नहीं होता। फिर भी कांग्रेस राजनीति कर रही है और ड्रामा कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि सरकार कोर्ट के आदेश का पालन कर रही है। सीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए पूछा कि जब उनके नेता विपक्ष पर केस चलते हैं, तब क्या कांग्रेस उनसे इस्तीफा मांगती है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जब भी कोर्ट की अवमानना करने का मौका मिलता है, वह पीछे नहीं हटती। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के इतिहास पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला दिया था, तो कांग्रेस ने इमरजेंसी लगवा दी थी। जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक पर फैसला दिया, तब भी कांग्रेस ने उस कानून को बदलवाने की कोशिश की थी।




### केजरीवाल और सिद्धारमैया पर भी उठाए सवाल

मुख्यमंत्री ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का उदाहरण देते हुए कांग्रेस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल जेल गए थे, तब कांग्रेस ने उनसे इस्तीफा क्यों नहीं मांगा? इसी तरह, जब कोर्ट ने सिद्धारमैया के खिलाफ फैसला दिया, तब कांग्रेस ने उन्हें हटाया क्यों नहीं? मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा रवैया साफ दिखता है। वह सिर्फ राजनीति करने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रही है, जबकि असल मुद्दों पर चुप रहती है।

### हम न्यायपालिका का कसम्मान करते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा कोर्ट के हर फैसले का पालन किया है — चाहे वह राम मंदिर का फैसला हो या तीन तलाक पर कानून बनाने की बात हो।

### सिंघार ने पूछा- बीजेपी क्यों नहीं करना चाहती कार्रवाई

जेल से बाहर आने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंकुश हो गई है। जनप्रतिनिधि जनता की आवाज होता है। एक-एक विधायक तीन-तीन लाख वोटों वाले क्षेत्र से जीत कर आता है। मैं समझता हूं कि प्रदेश के विधायक जन भावनाओं को सामने रख रहे हैं। मीडिया ने भी इस बात को उठाया फिर भारतीय जनता पार्टी क्यों करवाई नहीं करना चाहती। क्या सेना का अपमान भारतीय जनता पार्टी नहीं समझती। क्या महिला का अपमान नहीं समझती। वह क्यों चुप बैठी है। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने अपने समर्थकों के साथ भोपाल के मिंटो हॉल में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने काले कपड़े पहनकर मंत्री विजय शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मसूद ने कहा- उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का बयान, विजय शाह के खिलाफ कार्रवाई न करने का नतीजा है। अगर अभी भी सरकार कोई एक्शन नहीं लेती है तो सेना के खिलाफ ऐसे अपमानजनक बयान आते रहेंगे।



### राजभवन के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक गिरफ्तार, काले कपड़े पहनकर की नारेबाजी

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित और आपत्तिजनक बयान देने पर जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कांग्रेस उनके बयान के बाद से लगातार हमलावार है, और इस्तीफे की मांग कर रही है। शुक्रवार को मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल आज राज्यपाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए।

## अब एमपी के डिप्टी-सीएम का विवादित बयान, बोले

# सेना प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक

इधर, मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। वे यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया।



### सफाई, मेरा बयान तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे

जगदीश देवड़ा ने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस मेरे बयान को बिल्कुल गलत तरीके से प्रस्तुत कर रही है। मीडिया में मेरा बयान तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। मैंने ये कहा कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो काम किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। देश की जनता भारत की सेना के चरणों में नतमस्तक है। उनका प्रणाम करते हैं, उनका सम्मान करते हैं। जितना कहा जाए उतना कम है सेना के बारे में। ये शब्द मैंने कहे हैं। उसे तोड़ मरोड़ कर गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। जो लोग ऐसा षड़यंत्र कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### ये सेना का अपमानः प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है, भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है।

### विजय शाह केस-सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 19 मई को

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 19 मई तक स्थगित कर दी है। शाह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा- पहले मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। बीजेपी अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बोले अमित शाह

# पीएम मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति और सेना की ताकत का प्रतीक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जोर दिया। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की तीनों सेनाओं की सटीक और ताकतवर कार्रवाई का बेहतरीन उदाहरण है। शाह ने यह बात दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में एक नए मल्टी-एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन करते हुए कही। एमएसी देश की विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने के लिए बनाया गया है। बता दें कि मल्टी एजेंसी सेंटर की स्थापना 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के बाद की गई थी, ताकि सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समय रहते जानकारी साझा की जा सके और आतंकी खतरों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके।



### आतंक से निपटने के लिए होगा अहम

मामले में गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बताया कि यह नया सेंटर खुफिया तंत्र को और अधिक कुशल बनाकर आतंकवाद जैसे खतरों से निपटने में मदद करेगा। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और सुरक्षा बलों की तैयारी को जाता है।

### भारत की जवाबी कार्रवाई

गौरतलब है कि बीते 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा और बीते 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी, लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि उसने सिर्फ ऑपरेशन को स्थगित किया है, बंद नहीं। साथ ही भारत ने आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आगे की कार्रवाई पाकिस्तान के व्यवहार पर निर्भर करेगी।

### जवानों को राहत, 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते छुट्टियां रद्द होने का आदेश वापस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने जब पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों और एयरबेस पर स्ट्राइक की तो सुरक्षा कारणों के चलते केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। जो भी जवान और अधिकारी, छुट्टी पर थे, उन्हें वापस बुलाने का आदेश जारी किया गया था। सभी केंद्रीय बलों के जवान/अधिकारी, छुट्टी से वापस डयूटी पर लौट आए थे। अब सीआरपीएफ ने छुट्टियां रद्द होने के आदेश को वापस ले लिया है। जवानों और अधिकारियों को पहले की भाँति नियमानुसार छुट्टियाँ मिल सकेंगी।

## पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता

# आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार, लश्कर के लिए कर रहे थे काम

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजम्मिल अहमद, इशफाक पंडित निवासी अगलर पट्टन और मुनीर अहमद निवासी मीरीपोरा बीरवाह के रूप में हुई है। तीनों को मगाम के कावूसा नरबल इलाके में गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक पिस्तौल और एक हथगोला सहित अन्य गोला-बारूद बरामद किया गया है। बता दें कि सुरक्षाबल कश्मीर घाटी में छिपे आतंकियों का सफाया कर रहे हैं। चुन-चुनकर दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है। सुरक्षाबलों ने कश्मीर में बीते तीन दिनों में हुईं दो अलग-अलग मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया है। इससे पहले दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल में बृहस्पतिवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के नाम पहलगाम हमले के बाद जारी की गई।



## न्यूज इन शॉर्ट

### दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद, 10 दिन में 30 एमपी बताएंगे पड़ोसी की करतूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है।



### 'जल्द ही पुतिन से मिलूंगा, सीधे बातचीत जरूरी...', राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान

**अबू धाबी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरु वार को कहा कि वह जल्द ही अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से सीधी बीतचीत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप की ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब पुतिन ने तुर्किये में रूस और यूरे न की बीच होने वाली वार्ता में शामिल होने से इनकार किया है। पश्चिम एशिया की चार दिवसीय यात्रा समाप्त करते हुए ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है, अब हमें यह (बातचीत) कर लेनी चाहिए।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया कि उन्हें इस बात की हैरानी नहीं हुई कि पुतिन बातचीत के लिए नहीं आए। ट्रंप ने कहा, 'पुतिन इसलिए नहीं गए क्योंकि मैं वहां नहीं हूं।' ट्रंप ने कहा कि जैसे ही बैठक तय हो पाएगी, वह पुतिन से मुलाकात करेंगे।



## शेयर बाजार में नरमी के साथ क्लोजिंग

# सेंसेक्स 200 अंक कमजोर हुआ, निफ्टी में भी सुस्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ क्लोजिंग हुई। गुरुवार की तेजी के बाद आईटी शेयरों और भारती एयरटेल में मुनाफावसूली के कारण शुक्रवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी कमजोर होकर बंद हुए।तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200.15 अंक या 0.24 प्रतिशत गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 383.79 अंक या 0.46 प्रतिशत गिरकर 82,146.95 अंक पर आ गया था।एनएसई निफ्टी 42.30 अंक या 0.17 प्रतिशत गिरकर 25,019.80 पर आ गया। शुक्रवार के कारोबारी सत्र के दौरान भारती एयरटेल के शेयर में 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई।




## व्यापरिक संगठनों की सरकार से अपील

# तुर्की और अजरबैजान से बंद हो व्यापार, कैट का ऐलान

**मुंबई, एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की और अजरबेजान जैसे देशों का पाकिस्तान को खुला समर्थन देना भारत के लोगों को रास नहीं आया है। भारतीयों की ओर से उनका बहिष्कार किया जा रहा है। इस बीच, देश के सभी व्यापारी संगठनों ने भारत सरकार से इन देशों से सभी प्रकार के व्यापार बंद करने का आग्रह किया है। व्यापारियों के संगठन कैट ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान को हाल ही में दिए गए समर्थन का हवाला देते हुए तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। देश के अन्य संगठनों ने भी अपने सभी व्यापारियों से कहा है कि वे ग्राहकों को सामान देते हुए बताएं कि यह उत्पाद तुर्की और अजरबैजान का है और दूसरा इन देशों के उत्पादों का प्रचार नहीं किया जाए। महाराष्ट्र के व्यापारी भी इसमें पीछे नहीं हैं। महाराष्ट्र सीएएमआईटी और मुंबई मेवा मसाला मर्चेंट एसोसिएशन सहित मुंबई फ्रूट संगठनों ने भी सरकार से आग्रह किया है।

# आतंक का समर्थन बंद किए बिना नहीं बहेगी सिंधु की धारा

## भारत का जल संधि पर निलंबन बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के लाख समझाने के बावजूद भी पाकिस्तान ने आतंक और आतंकियों का समर्थन करना नहीं छोड़ा। जिसके बाद भारत सरकार ने भी इस मामले में सख्त कर्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के अपने फैसले को बरकरार रखा। मामले में शुक्रवार को केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह और विश्वसनीय रूप से नहीं छोड़ता, तब तक सिंधु जल संधि निलंबित रहेगी।



### जल शक्ति मंत्रालय ने दी जानकारी

मामले में जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन को सौंपी अपनी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की घोषणा की है।

# वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## कहा- हर कोई अखबार में नाम चाहता है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई।



**विजय मत एंकर** — नई स्टडी में सामने आए कई हैरान करने वाले तथ्य

# एआई से सुविधा बढ़ी, पर सोचने की क्षमता पर खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स जैसे चैट जीपीटी और गूगल जैमिनी ने जहां कामकाज को तेज़ और आसान बना दिया है, वहीं अब इनका अत्यधिक उपयोग मानवीय सोच और विश्लेषण क्षमता को प्रभावित कर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट और कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के संयुक्त अध्ययन में इस बात की पुष्टि की गई है कि जनरेटिव एआई पर अत्यधिक निर्भरता लोगों की मानसिक चुस्ती को धीमा कर सकती है। शोध के अनुसार, जब व्यक्ति एआई पर बार-बार भरोसा करता है, तो उसकी समस्या सुलझाने और आलोचनात्मक सोचने की प्रवृत्ति कमजोर होने लगती है। इससे न केवल रचनात्मकता पर असर पड़ता है, बल्कि निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित होती है।



### 319 लोगों पर किया गया अध्ययन

अध्ययन में 319 प्रतिभागियों को शामिल किया गया, जो सप्ताह में कम से कम एक बार जनरेटिव एआई का उपयोग करते हैं। इनसे पूछा गया कि वे इन टूल्स का किस प्रकार से उपयोग करते हैं- जैसे ईमेल लिखने, जानकारी खोजने, या डेटा विश्लेषण के लिए। रिपोर्ट में पाया गया कि 64% लोग ऐसे हैं जो एआई के उत्तरों को बिना जांचे-परखे स्वीकार कर लेते हैं, जबकि केवल 36% प्रतिभागी ही एआई के सुझावों पर सवाल करते हैं या उन्हें क्रॉस-चेक करते हैं।

### एआई पर बहुत ज्यादा भरोसा करने लगते हैं

शोधकर्ताओं ने यह चेतावनी दी कि यदि एआई पर आंख मूंदकर भरोसा किया गया, तो यह हमारी मानसिक सतर्कता को प्रभावित कर सकता है। अध्ययन में यह भी संकेत मिला कि लोगों ने सोचने-समझने की जगह एआई को फैसले लेने का माध्यम बना लिया है। यह आदत न केवल मानव रचनात्मकता के लिए खतरा है, बल्कि आने वाले समय में यह हमें तकनीक पर पूर्ण निर्भर बना सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीक का उपयोग संतुलित और सोच-समझकर होना चाहिए ताकि इसकी मदद से कार्यक्षमता तो बढ़े, लेकिन मानसिक क्षमताएं कमज़ोर न हों।

कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट



### बाघ ने किया युवक पर हमला

उमरिया। बांधवगढ टाइगर रिज़र्व के पनपथा कोर में मवेशी को पानी पिला रहे चरवाहे पर बाघ ने हमला कर दिया। जानकारी अनुसार पनपथा कोर अंतर्गत ग्राम गागीताल निवासी उदय भान उम्र 35 वर्ष अपने मवेशियों को पानी पिला रहा था,इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने हमला कर दिया । अचानक हुई इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने हल्ला गुहार लगाया,जिसके बाद टाइगर वन क्षेत्र की ओर भाग गया है। घटना में घायल युवक गम्भीर रूप से घायल बताया जा रहा है। सूत्रों की माने तो घटना बीट गंगीतल के कक्ष क्रमांक 432 की बताई जा रही है।हादसे के बाद पार्क अमला घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया है,जहां फ़िलहाल घायल युवक इलाजरत है।

### मोटर सायकिल चोरी होने पर मामला कायम

उमरिया। नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम करकेली में अज्ञात आरोपी व्दारा फ़रियादी की मोटर सायकिल को चुरा लिया गया । जानकारी अनुसार अजय प्रताप सिंह पिता स्व0 राज भवन सिंह उम्र 37 साल निवासी करकेली की शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात चोर व्दारा उसकी एक पुरानी इस्तेमाली पल्सर मोटर सायकिल चुरा ली गई है । जिसकी कीमत 20 हजार रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### एक्सीडेंट करने पर मामला दर्ज

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत पुराना स्टैंड पशु चिकित्सालय के सामने वाहन चालक व्दारा वाहन को तेज गति में चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया गया। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामले में दुरघटिया अहिर उम्र 75 साल निवासी रामपुर बाघेलान सतना हाल मुकाम कैंप की शिकायत पर स्कूल वाहन क्रमांक एमपी 54 एस 6474 के चालक राजा सिंह पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### अवैध मदिरा जप्त

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत जमुना प्रसाद महार के अंडा की दुकान पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके पास कच्ची महुआ शराब जप्त की है। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामले में आरोपी जमुना प्रसाद महार पिता मिहेलाल उम्र 46 साल ग्राम अमदरा चौकी बिलासपुर पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की है। जिसकी कीमत 600 रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### मानपुर सेक्टर ताला के ग्राम पटेहरा मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न




उमरिया । जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड मानपुर सेक्टर नंबर 4 ताला के ग्राम पटेहरा में फील्ड वर्क का कार्य किया गया । फील्ड वर्क के दौरान तालाब में अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने के लिए तालाब के परिसर में साफसफाई का कार्य किया गया । साफसफाई के दौरान सभी को जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । अभियान में सहयोगी रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संतोष यादव , उप सरपंच राम नरेश साहू शिक्षक सीतालाल बैगा अध्यक्ष लघुवनोपज समिति छपड़ौर अभय सिंह एमएस डब्ल्यू -1 छात्र मनीष साहू बी एस डब्ल्यू 1 छात्र अन्य ग्रामीण सदस्य शामिल रहे परामर्शदाता ठाकुर राम साहू उपस्थित रहे ।

### देवारण्य योजना अंतर्गत आंवला की खेती का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



उमरिया । कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया में आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजनांतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पाद के अंतर्गत आंवला की खेती से संबंधित एक दिवसीय वन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ । इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में .षि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यालय प्रमुख डॉ.के.पी. तिवारी व डॉ.धनंजय सिंह वैज्ञानिक .षि विज्ञान केंद्र उमरिया द्वारा औषधि पौधे आंवले की खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि आंवले का अधिक उत्पादन लेने हेतु किस्म का चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है ।जब भी आंवले का बगीचा लगाया जाए तो कम से कम बगीचे में तीन किस्मों का समावेश हो । ऐसा न करने पर प्रायः आंवले में अफ़लन की स्थिति बनी रहती है । प्रशिक्षण में डॉ,दीपक द्विवेदी, उद्यान विभाग से महेश धुर्वे तथा वन समिति के लगभग 55 सदस्य उपस्थिति रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आवश्यक सहयोग रहा ।

## रोजगार से जुड़ने के लिए रोजगार मेला सुनहरा अवसर – अपर कलेक्टर

# युवा अपनी योग्यता अनुसार रोजगार से जुड़कर अपनी जीविकोपार्जन करें

विजय मत, उमरिया

प्रदेश सरकार की मंशानुसार हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार से जुड़ने के लिए युवा संगम रोजगार मेला सुनहरा अवसर है। मेले के माध्यम से युवा अपनी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।उक्त आशय के विचार अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने रानी दुर्गावती भवन में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि युवा अपनी योग्यता अनुसार रोजगार से जुड़कर अपनी जीविकोपार्जन करें तथा अपने चित परिचितों को भी युवा संगम रोजगार मेले की जानकारी प्रदाय करते हुए उन्हें भी रोजगार से जोड़े । इस दौरान उन्होने अपने अनुभव भी युवाओं से




साझा किए । युवाओ से उन्होने अपील करते हुए कहा कि रोजगार प्राप्त करने के बाद मन लगाकर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। जिला रोजगार अधिकारी अमन दुबे ने कहा कि युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है । युवक एवं युवतियां कंपनी व्दारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए रोजगार प्राप्त कर सकते है । कार्यक्रम में मोबाइल पे कंपनी से आये सुरेश ने युवाओं को मोबाइल पे के बारे बताते हुए कहा कि मोबाइल पे एक पेमेंट गेटवे एप्लीकेशन है जिसका उपयोग करने पर सभी प्रकार के लेन देन पर कैशबैक मिलता है । इसके साथ ही उन्होने मोबाइल पे को डाउनलोड करने के तरीके तथा उसके उपयोग की जानकारी दी। रिलाएंस निप्पोन कंपनी से आई भावना सिंह चौहान ने बताया कि बेरोजगार युवा अपनी योग्यतानुसार रिलाएंस निप्पोन कंपनी से जुड़कर रोजगार प्राप्त कर सकते है । इसी तरह जीवनधारा हेल्थ केयर कंपनी से आये प्रकाश सिंह कुशवाहा , प्रगतिशील बायोटेक कंपनी रीवा एवं आईटीआई उमरिया के अजय सिंह, प्रमोद पटेल व्दारा भी युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हे रोजगार से संबंधित जानकारी प्रदाय की । मेले में मालवा इंजीनियरिंग पीथमपुर व्दारा 21 युवाओ, प्रगतिशील बायोटेक व्दारा 6 युवाओ, जीवनधारा हेल्थकेयर व्दारा 10 युवाओ , रिलाएंस निप्पोन व्दारा 15 युवाओ तथा मोबाइल पे व्दारा 110 युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराया गया । युवाओ ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया । इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जी आर गायकवाड़, जिला रोजगार कार्यालय से एस के कोरी सहित युवा , युवतियां उपस्थित रहे ।

# एनवायकेएस माय भारत उमरिया ने लगाया रक्तदान शिविर

विजय मत, उमरिया

रक्तदान जीवन दान के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय एनवायकेएस माय भारत के जिला युवा अधिकारी आदित्य सिंह व जिला चिकित्सालय उमरिया के ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर जिला अस्पताल में रक्तदान का शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओ ने बढ़ कर हिस्सा लिया। एनवायकेएस के जिला अधिकारी ने कहा कि रक्त एक विशेष शारीरिक तरल पदार्थ है जो लगातार आपके पूरे शरीर में बहता रहता है यह आपके शरीर को क्रियाशील रखने के लिए कई काम करता है जैसे कि आपके पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाना, रक्त कैंसर और रक्त विकार रक्त को आना आवश्यक कार्य करने से रोक सकते हैं




द्य पी.टी.एस के उप निरीक्षक राहुल साहू ने कहा कि रक्तदान करने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं, यह दिल की बीमारियों के जोखिम को काम करता है कैंसर का खतरा कम कर सकता है और वजन कम करने में मदद कर सकता है, रक्तवीर राहुल सिंह ने कहा कि इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फइसलिए टूट जाती है, क्योंकि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता है, ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है, शिविर के दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डॉ मुकुल तिवारी सिविल सर्जन के प्रभारी धीरेंद्र शर्मा ,लैब टेक्नीशियन विनीत साहू , उपनिरीक्षक राहुल साहू रक्तवीर राहुल सिंह, मंगलेश सिंह जन प्रतिनिधि हरी सिंह मरावी ,बैजनाथ बैगा ,उमरिया कोतवाली से कमोद टेकाम मनीष सिंह एवं सभी उपस्थित रहे।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 15 जून तक चलेगा

उमरिया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया ने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 15 मई से प्रारंभ हो गये है जो 15 जून तक चलेगा । ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर अमर शहीद स्टेडियम ग्राउंड तथा कालरी विद्यालय उमरिया में आयोजित होगा । उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा है कि शिविर स्थल पर स्वास्थ्य चिकित्सा एवं ओ आर एस के घोल की पूर्ति की जाए । मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा है कि शिविर स्थल की साफसफाई , पेयजल व्यवस्था, खेल मैदान में पानी के छिड़काव की व्यवस्था की जाए ।

## गला रेतकर बुजुर्ग की नृशंस हत्या,जांच में जुटी पुलिस

विजय मत, उमरिया

जिले के बिलासपुर थाना चौकी अंतर्गत बिरसिंहपुर ग्राम में एक बुजुर्ग व्यक्ति की नृशंस हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बीती रात की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार 65 वर्षीय ब्रद्ध चंद्रशेखर तिवारी की अज्ञात हमलावरों द्वारा तेज एवं धारदार हथियार से पहले गला रेता गया फिर इसके बाद शरीर के कई हिस्से में वार किया गया है जिससे चंद्र शेखर की चारपाई पर ही मौत हो गई है, घटना की जानकारी के बाद एसडीओपी डॉ नागेंद्र सिंह चौहान चौकी प्रभारी कोमल दीवान और टीम मौके पर पहुंची , इसके अलावा जिला मुख्यालय से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं,घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। हालांकि पुलिस डॉग स्काइड की मदद से पुलिस मामले को सुलझाने में जुट गई है। इस बीच मृतक के घर के समीप सुबह करीब ढाई बजे एक महिला को स्कूटी पर जाते हुए देखे जाने की भी खबर है। सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल के सामने एक सोनी परिवार रहता है। यहीं पर सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है, जो जांच में काफी मददगार साबित हो सकता है। बहरहाल शव को पीएम के लिए रवाना किया जा रहा है। पुलिस प्रकरण की विवेचना में जुटी हुई है।

# स्कूल के गार्ड के साथ युवको ने की मारपीट

विजय मत, उमरिया

फरियादी सत्येन्द्र नाथ पाण्डेय पिता किशन नाथ पाण्डेय उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम करेला थाना बरही जिला कटनी हाल झिरिया मोहल्ला मदन सिंह के किराए का मकान उमरिया हमराह विश्वजीत पाण्डेय के साथ थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि वह आर0 सी0 स्कूल उमरिया मे प्राईवेट गार्ड की नौकरी रात 09 बजे से सुबह 8 बजे तक रोज करता है। 15 मई 2025 को रात करीब 9.15 बजे आर0 सी0 स्कूल के गेट मे गार्ड ड्यूटी में था उसी समय हिमान्शू पाठक निवासी डबरौहा का अपने दो अन्य साथियों के साथ स्कूल के गेट के पास आया और और गंदी गंदी गाली देने लगा और बोला गेट खोल हमें अन्दर जाना है, मैने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ हिमान्शू पाठक और उसके अन्य दो साथी एक साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे हल्ला गोहार किया तो स्कूल का चपराशि दिनेश गोंड आकर बीच बचाव किया। मारपीट से मेरे बाए हाथ की कोहनी में चोट व दर्द है। हिमान्शू पाठक व उसके दो अन्य साथी जाते जाते बोल रहे थे की आज तो बचा दिए हैं दोबारा बहस किया तो जान से मारकर खत्म कर देंगे। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल मामला कायम करते हुए । रिपोर्ट पर अपराध धारा 296, 115(2),351 (3), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### छेड़छाड करने पर मामला कायम

उमरिया । चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम अखड़ार में आरोपी व्दारा युवती से छेडछाड करते हुए गाली गालौज की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाबू बर्मन के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### आरोपी पर दस हजार रूपये का ईनाम

उमरिया । पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना मानपुर के अपराध क्रमांक 100/2025 धारा 103 (1), 238 बी एन एस के अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है ।

# जन–जन का यही हो नारा डेंगू मुक्त हो उमरिया हमारा

विजय मत, उमरिया

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 में राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई 2025 की थीम चेक क्लीन , कव्हर स्टेप्स टू डिफेट डेंगू है। जनसमुदाय को डेंगू रोग की रोकथाम के प्रति जागरूक करने हेतु जिला स्तर/ विकासखण्ड स्तरीय/ ग्राम स्तरी बैठक/प्रशिक्षण /रैली, नारे लेखन, इत्यादि के माध्यम से प्रचार-प्रसार की व्यापक गतिविधियां की जा रही है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे अर्वन उमरिया एवं अर्वन चंदिया के सुपरवाइजर एवं स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण- शपथ ग्रहण जिला मलेरिया



कार्यालय उमरिया में किया गया। ब्लाक स्तर पर भी बैठक एवं रैली का आयोजन किया गया । गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. व्ही.एस.चंदेल जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि डेंगू के लक्षण होने पर मरीज को तेज बुखार ,सिर दर्द मासपेशियों एवं जोड़ो में दर्द शरीर पर चकत्ते के निशान, नाक व मसूड़ो से खून आना ऑख के निचले हिस्से पे दर्द हो सकता है, अतः डेंगू के लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/आशा,ए.एन.एम. से सपर्क कर जिला चिकित्सालय में खून की जाँच करावें एवं उपचार लेवें। रविकुमार साहू जिला व्ही.बी. डी.सलाहकार ने बताया कि डेंगू का मच्छर साफपानी में पैदा होता है, डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, डेंगू का एडीज मच्छर दिन में काटता है। अतः इससे बचाव हेतु घर के आस-पास पानी जमा न होने दें व सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। सप्ताह में एक बार कूलर का पानी बदलें एवं आस पास पाये जाने वाले कूलर टायर मटका टूटे फूटे डिब्बो में पानी जमा न होने दे एवं रूके हुये पानी में जला हुआ ऑयल केरोसीन एक ढक्कन डालें।

### जिले में 4213 किसानों से 18053.8 क्विंटल गेहूं की खरीदी की गई

उमरिया। जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि जिले में 35 गेहूं खरीदी केन्द्रों के माध्यसम से 4213 किसानों से 18053.8 क्विंटल गेहूं की खरीदी की गई है। जिले में पंजी.त किसानों की कुल संख्यां 12093 है । स्लॉट बुकिंग की संख्याि 4847 है । जिले में 1597 किसानों को 15.66 करोड़ रूपये भुगतान किए जा चुके है ।

### ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक मानपुर में 21 मई को

विजय मत, उमरिया

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति मानपुर की बैठक 21 मई को जनपद पंचायत सभागार मानपुर में सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में ऋण जमा अग्रिम साख अनुपात पर चर्चा, वित्तीय साक्षरता अभियान एवं प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रामीण शाखाओ व्दारा शिविर आयोजन की चर्चा, जिला व्यापार उद्योग केंद्र उमरिया के योजनाओं की समीक्षा, एनयूएलएम अंतर्गत मुख्यमंत्री स्व रोजगार योजना, स्व सहायता समूह के बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की समीक्षा, पशुपालन, मत्स्य, कृषि विभागों के केसीसी के प्रगति की समीक्षा, एनआरएलएम विभाग अंतर्गत स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की समीक्षा, आदिवासी वित्त विकास विभाग की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन लाइन लंबित शिकायतों की समीक्षा, एसबीआई आरसेटी उमरिया की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री आज आएंगे सीधी

सीधी। अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल 17 मई शनिवार को दोपहर 12 बजे अटल ऑडिटोरियम सीधी में पंचध्सरपंच सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में विचार व्यक्त करेंगे।

ग्रामीण विकास मंत्री पटेल जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले की चार नदियों के उद्गम स्थल पर पहुंचकर पूजन करेंगे। दोपहर 02:20 बजे ग्राम पंचायत रामग? में हिरन नदी के उद्गम स्थलए दोपहर 03 बजे ग्राम पंचायत बहेरा पूर्व में बिसैंधा नदी के उद्गम स्थलए सायं 04 बजे ग्राम पंचायत नेबूहा में सुखा नदी के उद्गम स्थल एवं सायं 04:40 बजे ग्राम पंचायत कठौली में तेन्दुन नदी के उद्गम स्थल पर पूजन करेंगे।

**समापन कार्यक्रम**

## शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन निर्माण की प्रक्रिया है

# 15 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन कार्यक्रम सम्पन्न

विजय मत, शहडोल

शहडोल ! विद्या भारती सरस्वती शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर पांडव नगर में आयोजित 15 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में मा0 संगठन मंत्री जी ने शिक्षा में जीवन मूल्यों को बताया । पांडवों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का समापन उत्साहपूर्वक हुआ । इस अवसर पर संगठन मंत्री ने आचार्यो को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन निर्माण की प्रक्रिया है । शिक्षा के केंद्र में संस्कार, समर्पण और सेवा होने चाहिए । ष्डिग्रीष्से अधिक जीवन से सीखने का बनने का महत्व है । सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य समाज में एक विशेष स्थान रखते हैं, क्योंकि वे केवल ज्ञान नहीं, अपितु आदर्श






जीवनशैली का भी संचार करते हैं । आचार्य प्रारंभ में संशय और निराशा की स्थिति में थे, किंतु प्रशिक्षण के अंत में सभी ने यह अनुभव किया कि यह समय उनके लिए अत्यंत लाभकारी रहा । कई प्रतिभागियों ने कहा कि ष्काश यह प्रशिक्षण कुछ दिन और चलता !ष् संगठन मंत्री ने इस अनुभव की तुलना सिगड़ी में फूंके गए अंगारों से कीकृधीरे.धीरे सुलगते हुए ऊर्जा देते हैं । संस्कार, समर्पण और समाज का सहयोग ही योजना की नींव है व समाज के सहयोग से खड़ा हुआ विद्यालय अब समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने कहा यदि समर्पण नहीं है तो प्रयास व्यर्थ हैं । हमें केवल कहने से नहीं, अपने परिश्रम से विद्यालय को आगे बढ़ाना होगा ।श्शैक्षिक गुणवत्ता से ही होगा विकास संपर्क, साधन और शिक्षा का स्तरकृतीनों का सुधार आवश्यक है । आर्थिक सुदृढ़ता भाषणों से नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत और योजनाबद्ध विकास से आएगी । वैदिक गणित और विज्ञान को पुनः स्थापित करने पर बल दिया और कहा कि हमें अपनी पुस्तकों, पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण के माध्यम से इन विषयों को समाज तक पहुंचाना होगा । वर्ग कार्यवाह रवि मिश्रा ने वर्ग प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

समारोह के समापन पर सभी आचार्यों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने.अपने विद्यालयों में जाकर सामाजिक संपर्क बढ़ाएंगे, शैक्षिक और मानसिक स्तर को ऊंचा उठाएंगे । प्रांत प्रमुख षिवानन्द सिनहा ने अधिकारियों, पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबंधन के सहयोग का आभार ज्ञापित किया ।

प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री अमित दवे, प्रांत प्रमुख शिवानंद सिनहा, सह प्रांत प्रमुख हरिराम तिवारी, प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख रविशंकर शुक्ल जी के साथ पूर्ण कालिक कार्यकर्ता एवं प्रबंध समिति की अध्यक्ष भारती गुप्ता, व्यवस्थापक संतोष लोहानी, सह व्यवस्थापक विष्णु कांत मिश्रा, प्राचार्य अनिल द्विवेदी उपस्थित रहे ।

## न्यूज इन शॉर्ट

### श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., भोपाल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह संस्था विशेष रूप से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती है। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल 222.स्र्ह्रस्र.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर 31 मई 2025 तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में संचालित दो वर्षीय पाठ्यक्रमों में तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन एवं सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट शामिल हैं। वहीं एक वर्षीय पाठ्यक्रमों में फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी एवं वेल्डर ट्रेड संचालित हैं। वेल्डर ट्रेड में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा आठवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। शेष सभी ट्रेडों के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह योजना पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए तकनीकी दक्षता का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। इच्छुक छात्र समय पर पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### तेज रफ्तार कार ने स्कूटर सवार परिवार को मारी टक्कर, मां की मौत, पिता-बेटा घायल

**भोपाल।** भोपाल-विदिशा रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बरखेड़ी जहांगीराबाद के रहने वाले सुमित यादव अपनी पत्नी निशा और 9 साल के बेटे के साथ गुरुवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने भोपाल-विदिशा रोड पर स्थित एक गार्डन गए थे। कार्यक्रम के बाद तीनों स्कूटी से घर लौट रहे थे। रात करीब 10:30 बजे जब वे मनोरमा गार्डन के पास पहुंचे, तभी भोपाल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों नीचे गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने निशा यादव को मृत घोषित कर दिया। सुमित और उनका बेटा अभी अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाली कार की तलाश कर रही है। भोपाल के सूखी सेवनिया इलाके में एक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, हर्राखेड़ा गुनगा निवासी 45 वर्षीय लीलावती अहिरवार 8 मई की सुबह अपने पति रामसिंह के साथ स्कूटर पर बैठकर मंडीदीप में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। करीब पौने दस बजे जब वे सूखी सेवनिया चौराहा पार कर रेलवे ओवर ब्रिज के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने के बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान लीलावती की मौत हो गई, जबकि रामसिंह का इलाज चल रहा है। जांच में सामने आया कि हादसा टैंकर चालक की लापरवाही से हुआ। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मीटर वाचक, बिलिंग एवं कलेक्शन दक्षता बढ़ाने में सहभागी बनें: क्षितिज सिंघल

**भोपाल।** बाह्यस्त्रोत एजेंसी के माध्यम से कार्यरत आउटसोर्स कार्मिक एवं मीटर वाचक बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगायें। मीटर रीडिंग या बिलिंग के दौरान किसी उपभोक्ता के परिसर में बिजली चोरी पाई जाने पर जूनियर इंजीनियर या वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी तत्काल सूचना दें। मीटर वाचक उपभोक्ताओं को मीटर में दर्ज वास्तविक खपत के आधार पर ही देयक जारी करें। उन्होंने कहा कि ऐसे उपभोक्ता जिनके परिसर में मीटर बंद या खराब हो गये हैं उन्हें नियमानुसार आकलित खपत के देयक जारी करें तथा खराब तथा जले मीटरों को योजनाबद्ध ढंग से बदला जाए। उन्होंने गैर घरेलू कनेक्शनों और इंडस्ट्रियल पॉवर कनेक्शनों के खराब तथा जले मीटरों को तत्काल बदलने के भी निर्देश दिए। मीटर रीडरों और आउटसोर्स कार्मिकों को सही मीटर रीडिंग, बिलिंग और वसूली करने के साथ ही बिजली चोरी की रोकथाम और बिलिंग एवं कलेक्शन दक्षता में सहयोग करने के निर्देश दिये। यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने विदिशा वृत्त के निरीक्षण के दौरान दिये।

**मुख्यमंत्री ने की किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा**

# श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ाएं, सरकार खरीदेगी किसानों से श्रीअन्न : मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में रागी, कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा, मक्का जैसे श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ाया जाए और किसानों को श्रीअन्न उत्पादन के लिए प्रोत्साहि त किया जाए। किसानों द्वारा उत्पादित श्रीअन्न अब सरकार खरीदेगी। उन्होंने कहा कि तुअर उत्पादक किसानों को अच्छे किस्म के खाद, बीज और उत्पादन वृद्धि के लिए प्रोत्साहन भी दिया जाए। इसके लिए किसानों को फसल अनुदान देने और उनकी फसल का बीमा कराने जैसे नवाचार भी किये जा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



### तीन फसलों को जल्द ही मिलेगा जीआई टैग

बैठक में बताया गया कि राज्य शासन की प्रगतिशीलता से प्रदेश में उत्पादित होने वाली 3 फसलों को बहुत जल्द जीआई-टैग मिल जाएगा। सचिव कृषि ने बताया कि डिंडोरी जिले की नागदमन मकुटकी, सिताही कुटकी और बैंगनी अरहर की फसल को जीआई टैग परीक्षण के लिए भेजा गया है, उम्मीद है कि जल्द ही इन फसलों को जीआई टैग प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू करने के बाद प्रदेश में बीते एक अप्रैल 2025 से प्रदेश की सभी 259 मंडियों में ई-मंडी योजना भी लागू कर दी गई है। सभी मंडियों में अब डिजीटल तरीके से रिकार्ड कीपिंग की जा रही है।

### ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवारनाशकों के उपयोग को करें हतोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवारनाशकों के उपयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए खरपतवारनाशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा मिले। स्वाभाविक फसलों की पैदावार पर विशेष जोर दिया जाए।

### किसानों को मिले प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। प्रदेश के किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर उन्नत किस्म के बीज, आधुनिक कृषि यंत्रों, अच्छा भाव, अनुदान आदि का प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न रागी, कोदो-कुटकी, मक्का, ज्वार, बाजरा की फसलों को प्रोत्साहन दिया जाए। इन फसलों के उत्पादक क्षेत्र को अच्छी पैदावार करने के लिए प्रोत्साहन मिले। आवश्यकता अनुसार अनुदान की राशि भी बढ़ाई जाए।

### आदर्श बनें प्रदेश की कृषि उपज मंडियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की कृषि उपज मंडियों को आदर्श बनाया जाए। मंडियों में कृषि आधारित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। मंडियों में किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंडी में अपनी फसल बेचने आने वाले हर किसान को उसकी उपज का सही दाम मिले किसी का भी नुकसान न होने पाए। मंडियों को और अधिक आधुनिक बनाया जाए यहां किसानों को उनके उपज में गुणवत्ता संवर्धन के बारे में भी बताया जाए।

### कृषि उद्योग समागम के अनुभवों से आगे बढ़ें, किसानों को मिले बेहतर परिणाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के हर संभाग में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन मेलों में कृषि आधारित उद्योगों में निवेश पर जोर दिया जा रहा है। हाल ही में मंदसौर जिले के सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को कृषि के आधुनिक यंत्रों और तकनीक से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीतामऊ में हुए कृषि उद्योग समागम के अनुभवों को सामने रखें और इन अनुभवों के आधार पर आगे होने वाले कृषि उद्योग समागमों की तैयारी करें, जिससे किसानों को इन समागमों से अधिक और बेहतर परिणाम प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि किसानों को खेतों में नरवाई जलाने से रोकने के प्रयास किए जाएं।

*कृषि उपज मंडी के अलावा फल व सब्जी मंडी, मसाला मंडी स्थापना के लिए भी करें प्रयास... मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की सभी मंडियों में प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मंडियों का विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से आकस्मिक निरीक्षण करायें। मंडियों की व्यवस्थाओं को और भी बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई जरूरतों के मुताबिक अब अलग-अलग मंडियों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडियों का फसलवार मॉडल तैयार करें। कृषि उपज मंडी के अलावा अब फल व सब्जी मंडी, मसाला मंडी या अन्य विशेष पैदावार की मंडी स्थापना के लिए भी प्रयास किए जाएं। इसके लिए रोडमैप तैयार किया जाए और यदि आवश्यकता है तो इसमें प्रायवेट सेक्टर को भी सम्मिलित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडियों में जारी वर्तमान व्यवस्थाओं का समुचित तरीके से किसानों के हित में प्रबंधन किया जाए। मंडी शुल्क की प्राप्त राशि से किसानों की कल्याण गतिविधियों पर फोकस किया जाए।*

**मंत्री सारंग ने किया निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण**

## भोपाल में जल्द तैयार होगा विश्वस्तरीय खेलों का नया मंच: विश्वास सारंग

**विजय मत, भोपाल**



खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को भोपाल स्थित बरखेड़ा नाथू में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मापदण्ड के अनुसार निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्यों को तेजी व गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स प्रदेश के युवाओं को खेल के क्षेत्र में वैश्विक मंच तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही उन्होंने निर्माण एजेंसियों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, कांट्रेक्टर, इंजीनियर्स, प्रोजेक्ट मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मंत्री सारंग ने एथलेटिक्स स्टेडियम, लाइटिंग सिस्टम, प्रैक्टिस हॉकी फील्ड, वार्म-अप ट्रैक, मल्टीलेवल पार्किंग, फुटबॉल फील्ड, वॉटर एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य निर्माण कार्यों का जायज़ा लिया। उन्होंने प्रोजेक्ट की कंस्ट्रक्शन डिटेल्स का प्रस्तुतीकरण भी देखा और तकनीकी पहलुओं पर अधिकारियों से चर्चा की।

मंत्री सारंग ने कहा कि इस सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तैयार होने से मध्यप्रदेश में खेलों के लिए एक नया आयाम स्थापित होगा। यहाँ के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण से लेकर प्रतियोगिताओं तक की सभी सुविधाएं एक ही परिसर में मिलेंगी, जिससे उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मजबूती मिलेगी।

### इंदौर में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए, मेट्रो की कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी बोले- एक रात में पूरा भारत साफ

**इंदौर।** इंदौर के गांधी नगर क्षेत्र में मेट्रो की कंस्ट्रक्शन कंपनी के एक कर्मचारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की और 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए। ये भी कहा कि पूरा भारत एक रात में साफ। एक आरोपी युवक की पहचान मोहम्मद जावेद पिता किताब अंसारी के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले में राजपूत करणी सेना की शिकायत पर गांधी नगर थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों और पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर एफआईआर दर्ज की है। घटनाक्रम गुरुवार रात का बताया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में किचन में बैठे दो युवक नजर आ रहे हैं। इनमें से एक खाना बना रहा है और दूसरा तरबूज काट रहा है। एक युवक पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाता है, इसके बाद दूसरा युवक कहता है - भारत को एक रात में साफ कर देंगे। इसके बाद दोनों हंसने लगते हैं।

## फंदा ब्लॉरक की पंचायतों का निरीक्षण करने पहुंची: तिवारी

■ जल गंगा संवर्धन, गौशाला एवं विकास कार्यो का किया नरीक्षण

**विजय मत, भोपाल**



जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने फंदा जनपद ब्लॉरक की ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने सर्वप्रथम सीईओ ग्राम पंचायत, खौरी पहुंची जहां उन्होंगने मुख्यतमंत्री अधोसंरचना योजना के कार्यो का जायजा लिया। योजनांतर्गत निर्मित होने वाले हाट बाजार, सामुदायिक भवन एवं सामुदायिक शेड निर्माण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके बाद ग्राम पंचायत, बकानिया पहुंचकर जल गंगा संवर्धन के कार्यो का निरीक्षण किया। यहां अभियान अंतर्गत लिए गए खेत तालाब एवं डगवेल रिचार्ज के कार्यो को देखा।

सीईओ ने सभी को निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन के महत्वदपूर्ण अभियानों में शामिल है, निर्धारित समय अवधि में सभी कार्यो को संपादित किया जाए। तत्परश्चोत ग्राम पंचायत, तूमडा, पाटनिया एवं झिरनिया पंचायत में गौ-शाला संचालन एवं स्वअच्छ? भारत मिशन के एफ.एस.टी.पी. प्लांसट तथा सामुदायिक शेड निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्य.क निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्तं मुख्यय कार्यपालन अधिकारी शंकर पांसे सहित सहायक यंत्री, उपयंत्री, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### एम्स भोपाल ने कलाइ की नस से पिनहोल प्रक्रिया द्वारा जटिल ब्रेन एनेउरिज़्म का सफल इलाज कर बचाई जान

**विजय मत, भोपाल**




एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में संस्थान ने एक जीवनरक्षक उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में, एम्स भोपाल में एक जटिल ब्रेन एनेउरिज़्म का उपचार अत्याधुनिक एवं न्यूनतम इनवेसिव पिनहोल प्रक्रिया के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। यह प्रक्रिया मरीज की कलाई की नस के माध्यम से की गई, जिससे ओपन ब्रेन सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। 60 वर्षीय महिला मरीज को जटिल बेसिलर आर्टरी एनेउरिज़्म के फटने के कारण सब-अरैकनॉयड हेमरेज हुआ था। इसके उपरांत, उन्हें एम्स भोपाल के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी ट्रीटमेंट सेंटर में रेफर किया गया, जहाँ विशेषज्ञ टीम ने एंडोवैस्कुलर तकनीक के अंतर्गत स्टेंट-असिस्टेड कॉइलिंग की सलाह दी। इस प्रक्रिया के तहत, मरीज की कलाइ की एक सूक्ष्म धमनी में अत्यंत बारीक छेद के माध्यम से एक कैथेटर डाला गया। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट्स की टीम ने इसे अत्यंत सटीकता के साथ मस्तिष्क में स्थित एनेउरिज़्म तक पहुंचाया। वहाँ एक स्टेंट स्थापित किया गया और बहुत ही सूक्ष्म कॉइल्स द्वारा एनेउरिज़्म को भरा गया, जिससे रक्तस्राव की पुनरावृत्ति की संभावना समाप्त हो गई। यह संपूर्ण प्रक्रिया बिना किसी बड़े चीरे के संपन्न की गई और मरीज कुछ ही दिनों में स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दी गई।

### इंदौर मेट्रो में 20 मई से आपका स्वागत है, फिलहाल सात किलोमीटर का होगा मुफ्त में सफर

**इंदौर।** इंदौर में मेट्रो ट्रेन के संचालन की तैयारी सरकार ने शुरू कर दी है। 20 मई से मेट्रो का नियमित संचालन शुरू हो सकता है, हालांकि, अभी विधिवत घोषणा नहीं हुई है। मेट्रो ट्रेन में कुछ दिनों तक शहरवासियों को मुफ्त सफर की सुविधा मिलेगी। इसके बाद तय किराए के हिसाब से राशि ली जाएगी। फिलहाल गांधी नगर डिपो से बांगड़दा के स्टेशन तक सात किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का संचालन होगा। इंदौर प्रदेश का पहला शहर होगा, जहां मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। फिलहाल इंदौर में मेट्रो का कुल रूट 31 किलोमीटर है। आने वाले समय में इसमें और विस्तार हो सकता है। बैठने के अलावा खड़े होकर सफर करने में भी आसानी होगी। ट्रेन के भीतर लगे पोल में चार ग्रिप दी गई हैं। जिसे यात्री पकड़ कर सफर कर सकते हैं। गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक 17 किलोमीटर लंबाई में मेट्रो का ट्रायल रन छह माह बाद होगा। वहां तक मेट्रो के रन में सालभर का समय लग सकता है। सुपर कॉरिडोर के 11 किलोमीटर के हिस्से में हाल ही में ट्रायल रन किया जा चुका है, लेकिन उसके आगे अभी ट्रैक और मेट्रो स्टेशनों का काम बाकी है।

**बजरंग दल के पहुंचते ही आरोपी मौके से भागे, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार**

## भोपाल के पलासी में 6 हिस्सों में कटी गाय मिली

**विजय मत, भोपाल**



भोपाल के करोंद क्षेत्र स्थित पलासी गांव में शुक्रवार सुबह गौवंश काटे जाने का मामला सामने आया है। घटना सुबह करीब 5 बजे की है। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर दो आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छह हिस्सों में कटी गाय के अवशेष बरामद किए हैं।

निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि श्याम यादव, जो निशातपुरा निवासी हैं और गौसेवक के रूप में सक्रिय हैं, ने पुलिस को सूचना दी थी कि पलासी गांव में गौवंश का वध किया गया है। उनकी शिकायत पर 5-6 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों - रेहान और अरबाज को हिरासत में ले लिया है। वहीं, फरार आरोपियों आलम और सोहैल की तलाश जारी है। सभी आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। दो बदमाश निशातपुरा तथा चार आस पास के थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एफआईआर किए जाने और गिरफ्तारी के बाद ही आरोपियों के नामों का खुलासा किया जाएगा।

### लगातार की जा रही वारदात

श्याम के मुताबिक सुबह पांच बजे साथियों के साथ मौके पर पहुंचे तब दो युवक दूर से ही उनके वाहनों को देखकर भाग निकले। घटना स्थल से कई हिस्से में काटी जा चुकी गौ वंश के हिस्से मिले। लगातार आरोपियों द्वारा ऐसा कृत्य किए जाने की सूचना मिल रही थीं। रंगे हाथों पकडने़ की नीयत से स्पॉट पर पहुंचे थे। आरोपियों के नाम पुलिस को बता दिए हैं। उनकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। सभी आरोपी एक ही समुदाय विशेष के हैं।

### मकान की आड़ में सुनसान इलाके में काटा गया

गौवंश को मकानों की आड़ में सुनसान इलाके में काटा गया है। मौके से ही पुलिस को बड़ी संख्या में खून मिला है। स्पॉट से ही पुलिस को एक बका मिला है। एक अन्य गाय वहां बंधी मिली है, आरोपी इसे भी काटने की तैयारी में थे। टीआई ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही साफ होगा कि कितने समय से इस कार्य को कर रहे थे और अब तक कितने गौ वंश का वध कर चुके हैं।

**खास-खबर** | **सुप्रीम कोर्ट ने सीपीसीबी से मांगी रिपोर्ट; 25 जुलाई को पेश करना होगी**

# नगर निगम को आदमपुर खंती में आग पर फटकार

**विजय मत, भोपाल**



भोपाल की आदमपुर कचरा खंती में अप्रैल में लगी भीषण आग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम को फटकार लगाई है। वहीं, इस घटना की जांच सीपीसीबी (सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड) से मांगी गई है। 6 सप्ताह बाद यानी, 25 जुलाई को इस केस की सुनवाई होगी।

मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) से जुड़ा है। भोपाल के पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी. पांडे ने आदमपुर खंती में आग लगने की घटनाओं को लेकर एनजीटी में मार्च 2023 में याचिका दाखिल की थी। इस पर 31 जुलाई-23 को नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ निगम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसमें निगम की ओर से जुर्माने की राशि माफ किए जाने की मांग रखी गई। दूसरी ओर, पर्यावरणविद् डॉ. पांडे की ओर से अभिभाषक हर्षवर्धन पांडे ने पक्ष रखा।

पर्यावरणविद् डॉ. पांडे ने बताया, सुनवाई के दौरान अभिभाषक पांडे ने कोर्ट में तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि जिस बात के लिए निगम ने याचिका दाखिल की है, वह तो अभी भी लग रही है। पांडे ने 22 अप्रैल को आदमपुर खंती में लगी भीषण आग का उल्लेख भी किया। यह आग कई दिन में बुझी। धुआं कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दिया।

डॉ. पांडे ने बताया कि 22 अप्रैल को लगी आग को लेकर मैंने सुप्रीम कोर्ट में फिर से याचिका दाखिल की थी। जिस पर अर्जेंट सुनवाई की गई। इसमें बताया कि यह आग 15 दिन तक लगी रही। इस कारण आसपास के कई गांव के लोग प्रभावित हुए। आज आदेश में कोर्ट ने कहा कि नगर निगम सॉलिड वेस्ट का पालन नहीं कर रहे हैं। यदि नियमों का पालन करते तो कचरे का इतना बड़ा पहाड़ नहीं लगता। कचरे के ढेर अलग-अलग होने चाहिए थे। यदि ऐसा होता तो इतनी भीषण आग नहीं लगती।

पांडे ने बताया, सुप्रीम कोर्ट की बैंच के सामने वकील पांडे ने स्ट्रॉन्ग तरीके से अपना पक्ष रखा। जिसमें कचरा खंती के आसपास ग्रीन बेल्ट नहीं होने की बात भी कहीं गई। इसलिए सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को शामिल करके जांच करवाई जाए। इस पर बैंच ने बोर्ड को जांच करने के आदेश दिए। साथ ही आग कैसे लगी? इसके बारे में भी बताया। 6 सप्ताह में सीपीसीबी जांच करके रिपोर्ट देगा। पहले निगम ने 11 अगस्त को सुनवाई करने की बात कही थी, लेकिन कोर्ट ने यह नहीं माना।

### प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में डॉक्टर पर हथौड़े से किया हमला

**भोपाल।** शहर के अशोका गार्डन थाना इलाके में बीती दोपहर एक जमीन पर अपना-अपना कब्जा करने की बात को लेकर दो परिचवारो के बीच जमकर विवाद हो गया। बढ़ता विवाद मारपीट तक जा पहुंचा एक आरोपी ने फरियादी डॉक्टर के पिता पर हथोड़े से हमला किया जिन्हें बचाने के प्रयास में डॉक्टर हथौड़ा लगने से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार फरियादी हफीज खान (35) निवासी नवाब कॉलोनी ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया की वह एक निजी अस्पताल के डायरेक्टर है। गुरुवार दोपहर करीब पौने दो बजे उन्हें अपने घर के पीछे बने टीनशेड को तोड़े जाने की आवाजें आई। जब उन्होंने पीछे जाकर देखा तो कुछ लोग उनके प्लॉट पर बने टीन शेड को हथौड़े मारकर तोड़ते हुए नजर आये। हफीज ने उनका विरोध करते हुए कहा की यह उनका प्लॉट है, इस पर आरोपियों ने कहा कि यह जमीन उनकी है। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। झगड़े की आवाजे सुनकर घर में मौजूद उनके पिता जब बीच-बचाव करने के लिये आये तब आरोपी शेख अकरम ने उन पर हथौड़े से वार किया।

## सीहोर की शिक्षिका को पाकिस्तानी सेना के पक्ष में वीडियो शेयर करना पड़ा महंगा, निलंबन के आदेश जारी

**विजय मत, ब्यूरो, सीहोर**




सीहोर की शिक्षिका को पाकिस्तानी सेना के पक्ष में वीडियो शेयर करना महंगा पड़ गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहतवाड़ा की शिक्षिका शहनाज परवीन को जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने निलंबित कर दिया है। जावर निवासी शिक्षिका शहनाज परवीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहतवाड़ा हाई स्कूल में तैनात है। शिक्षिका शहनाज परवीन द्वारा सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी सेना के पक्ष में पोस्ट किया था, जिसमें यह बोला गया है कि पाकिस्तानी सैनिकों को अल्लाह अच्छा रखे। शिक्षिका शहनाज परवीन द्वारा धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का उल्लंघन किया गया, जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संस्थाएं सोशल मीडिया (फेस बुक, वाट्सएप, इन्सटाग्राम, एक्स, ट्विटर आदि) पर ऐसी कोई भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं, पोस्ट, वीडियो, रील्स को अपलोड एवं फार्वड या वायरल नहीं करेगा।

इसके संबंध में बीते दिवस बजरंग दल की ओर से शिक्षा विभाग में याचिका भी दायर की गई थी। शिक्षा विभाग के डीईओ संजय सिंह तोमर ने शिक्षिका के इस कृत्य को कदाचरण मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। इस दौरान शिक्षिका परवीन का मुख्यालय निलंबन अवधि में इछावर रहेगा।

ज्ञात रहे करीब दो सप्ताह पहले सीहोर जिले के आष्टा में एक मुस्लिम युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पर विवादित पोस्ट कर मामला गरमा दिया था। अलीपुर आष्टा निवासी शोएब सिद्दीकी पिता मुबीन सिद्दीकी 20 साल ने अपने इंस्ट्राग्राम आईडी पर पाकिस्तान के समर्थन में रील वीडियो अपलोड कर विवादित पोस्ट कर डाली थी। इसके बाद से शहर सहित जिले भर से युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उतने लगी थी। हिंदू संगठन सहित नागरिक युवक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे थे। मामले की गंभीरता देख सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला पर आष्टा की पार्वती पुलिस हरकत में आई और महज कुछ घंटों में ही युवक को पुलिस ने पकड़ लिया था।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# विभाजन की ओर बढ़ता पाकिस्तान?

**सुरेश हिंदुस्तानी**

पाकिस्तान की ओर से भारत के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद आखिरकार युद्ध विराम हो गया है, लेकिन इस युद्ध विराम के बाद फिर से सवाल उठने लगे हैं कि क्या आतंक को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान पर विश्वास किया जा सकता है। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि पूर्व में ऐसा कहने के बाद भी हर बार पाकिस्तान की ओर से कश्मीर में आतंकी घटनाएं की जाती रही हैं। पहलगांव की घटना में आतंकवादियों ने निर्दोष 26 हिन्दु पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान पस्त हो गया। पाकिस्तान सरकार की ओर से युद्ध विराम के बारे में कहा गया कि इस समय पाकिस्तान को बचाने की जरूरत है। इस कथन का बहुत ही स्पष्ट आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अगर युद्ध जारी रहता तो पाकिस्तान नाम का देश इस धरती पर नहीं रहता। इसलिए पाकिस्तान ने अपने देश को बचाने के लिए ही यह रास्ता चुना। अमेरिका ने इस मामले में दखल देते हुए दोनों देशों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की ओर से हमेशा यही कहा गया कि भारत आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान चला रहा है। इस मामले में विश्व के अधिकांश देश भारत के साथ खड़े होते दिखाई दिए, वहीं पाकिस्तान अकेला हो गया था। इससे पाकिस्तान निराश हो गया। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी माना जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर ग्रे सूची में आने का खतरा बढ़ता जा रहा था। एफएटीएफ की ओर से पाकिस्तान का ऐसी चेतावनी भी दे दी गई थी। अगर पाकिस्तान ग्रे सूची में आता तो उस पर कई प्रकार के प्रतिबंध लग सकते थे, जो पाकिस्तान के हित में नहीं होते। युद्ध विराम का एक बड़ा यह भी हो सकता है, क्योंकि आर्थिक रूप से बदहाल हो चुके पाकिस्तान को अब कर्ज भी मिल सकता है। जिसकी उसे बहुत आवश्यकता है। अभी कुछ महीने पहले ही बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की ट्रेन को हाईजैक करके पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। अब यही कहा जा सकता है कि ब्लूचिस्तान शायद ही पाकिस्तान में रहे। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान विभाजन के रास्ते पर चल रहा है? क्योंकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी ऐसी ही स्थिति दिखाई देती है। कई विशेषज्ञ यह दावा भी करते दिख रहे हैं कि पाकिस्तान चार टुकड़ों में विभाजित हो जाएगा। यह इसलिए भी कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के अंदर यही स्थिति बन रही है।




वर्तमान में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहवाज शरीफ अपने ही देश की जनता के निशाने पर हैं। इसके अलावा पाकिस्तान की सेना और सेना के साथ कदम मिलाने वाले आतंकी संगठन सरकार के युद्ध विराम वाले निर्णय से नाखुश हैं। इसका परिणाम क्या होगा, यह तो आने वाला समय ही बताने में समर्थ होगा। लेकिन यह पाकिस्तान की वास्तविकता है कि युद्ध जैसी स्थिति बनने के बाद सेना और आतंकियों ने सरकार के समक्ष गंभीर संकट पैदा किया है। यहां तक कि सेना ने सरकार को अपदस्थ करके खुद सत्ता का संचालन किया है। दूसरी बात यह भी है कि जंग के हालात पैदान करने के लिए पाकिस्तान की जनता सरकार और सेना प्रमुख को ही पूरी तरह से दोषी बता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पहलगांव की घटना से तीन दिन पूर्व कहा था कि हिन्दू और मुसलमान एक साथ कभी नहीं रह सकते। इसके साथ ही यह भी कहा कि भारत का कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। सेना प्रमुख का यह बयान मुसलमानों को भड़काने जैसा ही था। इसलिए पहलगांव की घटना को इसी बयान की प्रतिक्रिया स्वरूप माना जा रहा है।

पहलगांव की आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से आपरेशन सिन्दूर चलाकर पाकिस्तान स्थिति आतंकी शिविरों को नष्ट करके पाकिस्तान के आक्रमण की योजना को असफल कर दिया। भारत की ओर की गई जवाबी कार्रवाई में सौ से ज्यादा आतंकी मारे गए। यह पाकिस्तान के लिए जबरदस्त आघात ही था, क्योंकि पाकिस्तान की सरकार और सेना इन्हीं आतंकियों की दम पर भारत को आंखें दिखा रहा था। इसके अलावा पाकिस्तान के हर आक्रमण को भारत ने असफल कर दिया। जिसके बाद पाकिस्तान बेदम सा होता चला गया। अब हालांकि युद्ध विराम हो गया है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान पर विश्वास किया जा सकता है। विश्वास करना इसलिए भी कठिन सा लग रहा है, क्योंकि पाकिस्तान में जो आतंकी शिविर चल रहे हैं, उनमें केवल और केवल भारत के विरोध में नफरत का पाठ पढ़ाया जाता है। यह नफरती फौज भविष्य में भारत में आतंक फैलाने के लिए ही तैयार की जा रही है। पाकिस्तान अगर वास्तव में ही युद्ध विराम को लागू करना चाहता है तो उसे पाकिस्तान में चल रहे आतंकी शिविरों को समाप्त करना होगा। जब तक पाकिस्तान ऐसा नहीं करेगा। तब तक उस पर विश्वास करना कठिन ही है। खैर... कुछ भी हो, पाकिस्तान अंदर से तो टूट ही रहा है, अब युद्ध विराम के बाद वहां की सरकार, सेना और जनता अलग अलग राग अलाप रहे हैं। इसकी परिणति पाकिस्तान के लिए खतरनाक भी हो सकती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> अब पाकिस्तान, भारत की जवाबी कार्यवाही से बच गया। लेकिन पाकिस्तान के अंदर ही अंदर जो लावा सुलग रहा है। पाकिस्तान की सरकार को उससे बचने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के दौरान ब्लूचिस्तान ने अपनी आजादी की लड़ाई को जारी रखते हुए पाकिस्तान की सेना को अपना निशाना बनाया। यानी पाकिस्तान एक तरफ भारत से लड़ाई लड़ रहा था, वहीं दूसरी ओर उसे अपने ही देश में ब्लूचिस्तान की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही थी। पाकिस्तान का आरोप था कि ब्लूचिस्तान को भारत भड़का रहा है। इसे इसलिए भी सच नहीं माना जा सकता, क्योंकि ब्लूचिस्तान ऐसी लड़ाई लम्बे समय से लड़ रहा है।

## ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है

कहते है ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है।ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए गए पुनीत कार्यो से अमर हो जाता है।समाज में ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोडों रुपयों से भी हासिल नहीं किया जा सकता।ईमानदार आदमी पहले दुसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरुरतमंद है।ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन सर्मपित कर देता है।ईमानदारी कर कोई सानी नहीं है।ईमानदारी युंगों-यंगों तक रहती है।ईमानदारी की कभी हार नहीं होती। ईमानदारी एक अच्छी नीति है।आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उडाई जाती है।ईमानदारों के खिलाफ पड़यंन्त्र रचे जाते है मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती।ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है।यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यो के लिए समाज उसे युगों युगों तक याद रखता है। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है मगर बेईमानी औधें मुह गिर जाती है।सांच को आंच नहीं आती।ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए।मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है।कहते है कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही उंचाईयां छू लें।एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं।अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर-2 की सख्त जरूरत

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश के शौकीनों के लिए शराब को एक अमृत रस के रूप में टॉनिक की उपमा दी जाती है। खुशी के अनेकों मौकों पर शराब दावत को देखा जा सकता है। मैं ग्राउंड रिपोर्टिंग में देखा हूं कि, नाम मात्र की परमिशन ज़रूर होती है परंतु नियमों विनिमयमों कानूनों की धज्जियां जवाबदेही रखने वालों के नाक के नीचे उड़ती है, बंद लिफाफा होटों पर टेप और आखों पर पट्टी का काम करता है, यह तो हाई प्रोफाइल समिति का उदाहरण है,ठीक वैसे हीबॉटम स्तर पर दारू भट्टियों, मोहल्ला चौकों,में नंबर दो की तथाकथित नकली एथोनल का उपयोग कर बनाई गई शराब का सेवन मध्यम वर्ग, गरीब वर्ग, मजदूर वर्ग करते हैं, यहां भी इन्हीं जवाबदेहों के होटों पर लिफाफे की टेप और आँखों पर पट्टी लगा दी जाती है, जिनके परिणाम स्वरुप पंजाब में बटाला तरनतारन संगरूर जैसे कांड तथा भारत के अनेकों राज्यों में अनेकों केस होते रहते हैं जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। परंतु मैं एक अधिवक्ता होने के नाते देखता रहा हूं कि नकली जहरीली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवज़े की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत, निचली अदालत से ऊपरी कोर्ट तक प्रक्रिया चलती है, तबतक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती होगी? चूँकि भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर-2 की सख़्त ज़रूरत है, तथा सभी राज्यों में एक कॉमन बात कि,नकली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवजे की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी,जमानत बॉटम से ऊपरी कोर्ट तक वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया चलती है तब तक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती है? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में जहरीली शराब का नरसंहार आख़िर कब तक? मृतकों के घर क़े चूल्हे उजड़ बन रहे मातमगाह, कब जागेगी सरकार? बता दें इस आर्टिकल में दी गई जानकारी की सटीकता का प्रमाण नहीं है, क्योंकि यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से उठाई गई है।



साथियों बात अगर हम दिनांक 13 मई 2025 को जहरीली शराब सेवन कांड की करें तो, अमृतसर्पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब पीने से 21 लोगों की मौत हो गई है, जिससे इलाके में मातम छा गया है, यह घटना ब्लॉक के भंगाली कलां,थारीवाल संघा और मरारी कलां जैसे गांवों में हुई। जिला प्रशासन ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं और 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, उन चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है जो सप्लायरों से शराब खरीदकर गांवों में बेच रहे थे, इस घटना को लेकर पंजाब पुलिस के महानिदेशक(डीजीपी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि,दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नकली शराब के कारण हुई दुखद मौतों के बाद पंजाब पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की, जिनमें मुख्य सरगना और कई स्थानीय विक्रेता शामिल हैं, ऑनलाइन खरीदे गए मेथनॉल का इस्तेमाल नकली शराब बनाने में किया गया था। पूरे मामले की जांच चल रहीहै, ताकि कार्य प्रणाली का पता लगाया जाए और सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए।

साथियों बात अगर हम भारत में जहरीली शराब क़े कहर– की करें तो,2014 से 2022 तक किस साल कितनी मौतें हुई, (1) 2014– अवैध शराब के सेवन से 1,699 मौतें हुईं। (2) 2015– 1,624 घटनाओं में 1,522 लोगों की जान गई. महाराष्ट्र (278), पुडुचेरी (149) और मध्य प्रदेश (246) में सबसे ज़्यादा मौतें हुईं। (3) 2016– 1,073 घटनाओं में 1,054 मौतें दर्ज की गईं. मध्य प्रदेश (184) और हरियाणा (169) में सबसे ज़्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई। (4) 2017– 1,497 घटनाओं में 1,510 मौतें हुईं. कर्नाटक (256), मध्य प्रदेश (216) और आंध्र प्रदेश (183) में हालात गंभीर रहे। (5) 2018– 1,346 घटनाओं में 1,365 लोगों की जान गई,मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (218) में सबसे ज़्यादा मामले सामने आए। (6) 2019– 1,141 घटनाओं में 1,296 मौतें हुईं. मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (268) में स्थिति चिंताजनक बनी रही। (7) 2020– 931 घटनाओं में 947 लोगों की जान गई. मध्य प्रदेश (214) और झारखंड (139) में सबसे ज़्यादा मौतें हुईं। (8) 2021– 708 घटनाओं में 782 मौतें हुईं। उत्तर प्रदेश (137) और पंजाब (127) में सबसे ज़्यादा मामले दर्ज किए गए। (9) 2022– 507 घटनाओं में 617 मौतें हुईं। बिहार (134) और कर्नाटक (98) में अवैध शराब का कहर जारी रहा।

साथियों बात अगर हम मजीठा कांड में लगाई गई भारतीय न्याय संहिता की धाराओं को समझने की करें तो,भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में धारा 103 हत्या के लिए सजा का प्रावधान करती है, जबकि धारा 105 गैर- इरादतन हत्या के लिए सजा का प्रावधान करती है। धारा 103 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हत्या करता है, तो उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 105 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हत्या की श्रेणी में न आने वाला गैर-इरादतन हत्या करता है, तो उसे आजीवन कारावास या 5 से 10 वर्ष का कारावास और जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 103– हत्या के लिए सजा (1) यदि कोई व्यक्ति हत्या करता है, तो उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी और वह जुर्माने से भी दंडनीय होगा। (2) यदि पांच या अधिक व्यक्तियों का समूह नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य समान आधार पर हत्या करता है, तो ऐसे समूह के प्रत्येक सदस्यको मृत्युदंड या आजीवनकारावास की सजा दी जाएगी और जुर्माना भी देना होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहेहैं,क्योंकि दिनांक 13 मई 2025 को पंजाब अमृतसर के पास मजीठा गांव में जहरीली शराब पीने से देर रात्रि 12 तक मेरी जानकारी के अनुसार 21 लोगों की मृत्यु की खबर मीडिया मेंआ चुकी थी। सीएम साहब ने मृत्को के परिवार वालों को 10 लाख रुपयों के मुआवजे की घोषणा की है,व घटना से जुड़े 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) व 105 (गैरइरादतन हत्या) के साथ आबकारी अधिनियम,अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण)अधिनियम संबंधी धाराएं लगाई गई है।

## थोड़ी सतर्कता और उच्च रक्तचाप को चुनौती

**ऋतुपर्ण दवे**

समय से पहले दुनिया भर में हो रही मौतों की वजहों में सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर भी है। चिकित्सकीय भाषा में यह हाइपरटेंशन है। बदलता आम जनजीवन, दिनचर्या, भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में यह कब घर कर जाता है, अमूमन पता नहीं चलता। आज यह वो वैश्विक रोग बन गया है जिसके अधिकतर प्रभावितों को बड़ा खामियाजा भुगतने के बाद समझ आता है। दबे पांव शरीर को घेरते इस रोग को साइलेंट किलर भी कहते हैं। विडंबना देखिए कि हर हाथों में वाट्स ऐप यूनिवर्सिटी का ज्ञान बघारते, नुस्खा बताते स्क्रीन पर घण्टों समय बिताने के बावजूद हर साल विश्व में लगभग 7.5 मिलियन लोग जान गंवा देते हैं। आहिस्ता-आहिस्ता मौत की दस्तक देता उच्च रक्त चाप आसानी से समझा जा सकता है। शरीर को संकेत मिलने लगते हैं। लेकिन समझ कर नजर अंदाज करना इतना भारी पड़ता है कि प्रायः लोग, जान देकर कीमत चुकाते हैं। त्वरित सूचना के दौर में भी जागरूकता और अनभिज्ञता की ऐसी चूक मौत का आंकड़ा बढ़ाती है। कह सकते हैं कि अब यह, महामारी की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है। एकाएक हार्ट अटैक या सड़क चलते, वाहन चलाते आई मौतों की चिंताजनक घटनाओं में उच्च रक्तचाप वजह होती है। ऐसा नहीं कि इसे पहचानना कठिन हो। हमारे शरीर में बदलते लक्षणों जैसे सिर में भारीपन, आंखों में धुंधलका छाना, चक्कर आना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। साधारतणतया इन्हें सामान्य समझ नजर अंदाज कर देते हैं और ऐसे परिवर्तनों के आदी हो जाते हैं। जाने-अनजाने उक्त रक्तचाप के साथ जीने लग जाते हैं। यही बाद में एकाएक बड़ी मुसीबत को न्यौता देता है और प्रायः नतीजा मौत तक में बदल जाता है। ऐसा भा नहीं कि बढ़े रक्तचाप पर हर बार चिकित्सक के पास जाना पड़े। नियमित निगरानी, थोड़े अहतियात, जरा सी सतर्कता और जिव्हा पर नियंत्रण से काफी इसके दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। लक्षण की सामान्यतः सटीक जानकारी मिल ही जाती है। स्वचलित माप मशीन से रक्तचाप का एक चार्ट बना, इसकी प्रवृत्ति समझ, रोका जा सकता है। रक्तचाप किस वक्त कितना बढ़ता है, किन कारणों से बढ़ता है जैसी बातें आसानी से समझी जा सकती हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8369

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3. रहस्य का ज्ञाता-4
6. खुशबू, सुगंध-3
7. सौ, सैकड़ा, शतक-2
8. दुलारा, लाड़ला-2
10. नाम रखना-5
12. दाम, मूल्य, दर-3
15. अग्नि, आग-3
17. सम्मान देना -2,3
20. जन्नत, अप्सरा-2
22. दाम, कीमत-2
23. स्थान-3
24. अचरज भरा कार्य-4
25. गागर, घड़ा-3

**ऊपर से नीचे**

2. न्यूनता, कमी-5
3. अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4. आवश्यकता-4
5. राजी करना, मान मनुहार करना-3
7. वहम, संदेह-2
9. भाग्यशाली(अंग्रजी-2)
11. मैला, दागदार-3
13. धोखेबाज, कपटी-3
14. मन मोहने वाला-5
15. अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16. रक्त, खून-2
18. आनेवाला दिन-2
19. नृत्य करना-3
21. चांदी-3

**शब्द पहेली -8368 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ह | र | ■ | क | ल | ह | ■ |
| श | व | ■ | ह | ■ | मी | ■ | क | म |
| री | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | ■ | ह |
| फ | की | र | ■ | ही | ■ | ब | हु | ल |
| ■ | ■ | द | ल | ■ | कै | द | ■ | ■ |
| स | न | म | ■ | रा | ■ | ना | र | द |
| ली | ■ | ■ | स | त | ना | म | ■ | म |
| का | न | ■ | र | ■ | वि | ■ | जा | न |
| ■ | त | र | ल | ■ | क | हा | र | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**17 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.10 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 07.12 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.26 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.42 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.19 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.35 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.40 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कुंभ | 00.27 बजे से |
| | | मीन | 02.00 बजे से |
| | | मेष | 03.30 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 137 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 17.44 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 07.09 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 17.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 20'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872347
**जूलियन दिन** 2460812.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट

### विश्वविद्यालय में स्नातक फाइनल वर्ष की परीक्षाएं 20 मई से

शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. एवं बी.पी.ई.एस. जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 20 मई 2025 से 05 जून 2025 तक किया जाएगा। विशेष बात यह है कि परीक्षाएं विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों – मुख्य परिसर एवं उपपरिसर – में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, सभी विषयों की तैयारी पूर्ण हो चुकी है तथा समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। परीक्षार्थियों को समय पर प्रवेश पत्र प्राप्त करने तथा परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित होने की सलाह दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा की सुचिता बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं।

### रोजगार मेले का किया गया आयोजन, 36 अभ्यर्थी चयनित

शहडोल। शासकीय आईटीआई शहडोल के परिषर में गुरूवार को युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में संभाग भर के अभ्यार्थी शामिल हुए तथा रोजगार पाने हेतु मेले में आई विभिन्न कंपनियों में आवेदन किया एवं साक्षात्कार भी दिया। रोजगार मेले में बीएफएन फोर्जिंग्स प्राइवेट लिमिटेड बोईसर पालधर महाराष्ट्र, मदरसन समी वायरिंग इंडिया लिमिटेड अहमदाबाद गुजरात, केस कॉर्प लिमिटेड देवास मध्यप्रदेश, ट्राईटेंड ग्रुप यार्न युनिट बुधनी होशंगाबाद, भारतीय जीवन बीमा निगम शहडोल, प्रगतिशील बायोटेक रीवा मध्यप्रदेश की कम्पनियां शामिल रहीं। रोजगार मेले में कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 36 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

### खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर की गई कार्यवाही

शहडोल। सहायक खनिज अधिकारी शहडोल श्री राहुल सांडिल ने जानकारी दी है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम हेतु समयलाल गुप्ता, प्रभारी खनिज निरीक्षक, शहडोल द्वारा दिनांक 14 मई 2025 को ग्राम बिरूहली तहसील जैतपुर के बुढार थाना अंतर्गत वाहन क्रमांक स्थ्क्18क्7579 (ट्रैक्टर) को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया जिसमें खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

शहडोल। फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया था किए उसकी 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में उक्त नाबालिक बालिका की पता तलाश घटना दिनांक से लगातार की गई जो दिनांक बालिका को चाका बाय.पासए कटनी से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### जल की एक-एक बूंद बचाने का दिया जा रहा संदेश

शहडोल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फ्जल गंगा सवंर्धन अभियानफ्र 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। शहडोल जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत रूप से चल रहा है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरपालिका शहडोल अंतर्गत सुमन सरोवर में लोगों ने जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया।

# शहडोल-टेटका मोड़ सड़क निर्माण में अनुबंध की लेटलतीफी

## 220 करोड़ की योजना पर लटक रहा सवालिया निशान, टेंडर के एक माह बाद भी ठेकेदार ने नहीं किया अनुबंध

**विजय मत, शहडोल**

विकास की उम्मीद लगाए बैठे आदिवासी बहुल शहडोल जिले के लोगों के लिए शहडोल-टेटका मोड़ सड़क निर्माण परियोजना फिलहाल अटकती नजर आ रही है। मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (एमपीआरडीसी) द्वारा स्वीकृत 220 करोड़ रुपये की इस परियोजना का टेंडर भले ही बीते माह पूरा हो गया हो, लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। प्रयागराज की प्रीति कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह कार्य सौंपा गया है, लेकिन कंपनी ने अभी तक अनुबंध की प्रक्रिया ही पूर्ण नहीं की है।

### जनता की बढ़ती परेशानी

इस लेटलतीफी का सीधा असर शहडोल और रीवा के बीच दैनिक यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों पर पड़ रहा है। वर्तमान में इस मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब है, जिससे मरीजों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को विशेष कठिनाई होती है। लोग लंबे समय से इस सड़क के उन्नयन की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब जब योजना बनी है, तो टालमटोल रवैया चिंता बढ़ा रहा है।

### दो वर्ष की समयसीमा, लेकिन शुरुआत ही नहीं

बता दें कि एमपीआरडीसी की योजना के अनुसार शहडोल-टेटका मोड़ सड़क



की लंबाई 52 किलोमीटर होगी और इसके निर्माण की समय-सीमा दो वर्ष निर्धारित की गई है। ठेकेदार को अनुबंध के बाद काम शुरू करना था, लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद भी कोई पहल नहीं हुई है।

### मानसून की आड़ में टालमटोल

जानकारों की मानें तो ठेकेदार फर्म की यह लेटलतीफी योजनाबद्ध ढंग से की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि कंपनी मानसून की आड़ में चार से छह माह का समय बचाने की फिराक में है। यदि अनुबंध प्रक्रिया में और देरी होती है, तो बारिश के मौसम में काम प्रारंभ करना संभव नहीं होगा, जिससे निर्माण कार्य कम से कम चार महीने और टल जाएगा।

### रीवा से जुड़ाव से बढ़ेगा विकास

यहां उल्लेखनीय है कि टेटकामोड़ से रीवा के बीच 97 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। यदि शहडोल-टेटकामोड़ खंड का निर्माण भी समय पर हो जाता है, तो शहडोल से रीवा तक की यात्रा सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध हो जाएगी। इससे न केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि इस क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी।

### इनका कहना है

ठेकेदार फर्म को अनुबंध की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है और शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के प्रयास जारी हैं।

**अवधेश स्वर्णकार महाप्रबंधक एमपीआरडीसी**

# मोहन राम तालाब की गंदगी बनी नगर की बदहाली का आईना

## नपा के कर्मचारियों की लापरवाही और नागरिकों की गैरजिम्मेदारी ने बिगाड़ी तस्वीर



**विजय मत, शहडोल**

शहडोल नगर की शान और सौंदर्य का प्रतीक माने जाने वाले मोहन राम तालाब की स्थिति इन दिनों चिंता का विषय बनी हुई है। यह स्थल जहां एक ओर शहरवासियों के लिए पर्यटन और शांति का केंद्र रहा है, वहीं दूसरी ओर अब इसकी सुंदरता कचरे और गंदगी के ढेर में दबती जा रही है। यह स्थिति उस समय और भी चौंकाने वाली हो जाती है जब यह मालूम होता है कि नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद, मैदानी अमला अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर नहीं है।

### ऐतिहासिक और सुंदर स्थल की यह हालत

तालाब के चारों ओर पसरा कचरा न केवल इस क्षेत्र की सुंदरता को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि नगर की सफाई व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। अगर इस ऐतिहासिक और सुंदर स्थल की यह हालत है, तो नगर के अन्य क्षेत्रों की स्थिति का अनुमान लगाना कठिन नहीं है। यह सवाल अब हर जागरूक नागरिक के मन में है कि क्या वास्तव में नगर पालिका सफाई व्यवस्था को लेकर सजग है या फिर सिर्फ कागजों पर योजनाएं बनाई जा रही हैं।

### तालाब बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

मोहन राम तालाब पर नगर पालिका द्वारा "कचरा फैलाना वर्जित है" जैसे चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, परंतु इनका असर न के बराबर नजर आता है। प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन अधिकांश बिना किसी जिम्मेदारी के अपने पीछे गंदगी छोड़ जाते हैं। प्लास्टिक की बोतलें, खाने के पैकेट, शराब की खाली शीशियां और अन्य कचरे से तालाब की परिक्रमा पटरी भरी रहती है।

### धनपुरी पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कच्छी मोहल्लाए धनपुरी के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी रफी पिता शेख इस्हाक उम्र 31 साल निवासी पुरानी नगर पालिका के पीछे धनपुरी थाना धनपुरी अच्छेलाल सेन निवासी धनपुरी शहडोल के पास के कब्जे से सट्टा खिलाने से प्राप्त नगदी 720 रुपय एक अदद् सट्टा पर्ची एवं पेन आरोपियों से जब्त किया गया।

### अवैध शराब जप्त

शहडोल। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई। जिसमें कुल 08 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 51 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गईए जिसकी कुल कीमत 5780 रुपए है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

# सेना के सम्मान में शहर के नागरिकों द्वारा नगर में निकली जाएगी भव्य बाइक तिरंगा यात्रा




**विजय मत, शहडोल**

तिरंगा यात्रा को लेकर अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में नगर में निकली जाने वाली तिरंगा यात्रा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शिकार 26 लोगों को पाकिस्तान आतंकवादियों ने निर्दोष जाति पूछ कर हिंदुओं की हत्या कर दी थी जिनको न्याय दिलाने के लिए लॉन्च किया गया ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों को टारगेट किया गया और उन्हें बर्बाद किया गया जिसकी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी करनाल सोफिया कुरैशी एवं कमांडर ब्योमिका सिंह को, जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिन्होंने अपनी बहादुरी और पराकाष्ठा के साथ पाकिस्तान के अंदर घुसकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर आतंकी ठिकानों को पूर्ण रूप से ध्वस्त किया। यह भारत की बेटियों ने अपनी सैन्य शक्ति का परचम लहराया है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि सेना के सम्मान में निकल जाने वाली तिरंगा यात्रा का संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह को बनाया गया है बैठक को संबोधित करते हुए कमल प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकों द्वारा शहर में निकली जाएगी भव्य बाइक तिरंगा यात्रा उन्होंने बताया कि 17 माई दिन शनिवार को शाम 4ः30 बजे यात्रा जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होगी नगर का भ्रमण करते हुए बुढार चौक में यात्रा का समापन किया जाएगा। बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जगवनी जिला महामंत्री दीपक शर्मा राजेश्वर उदानियां सेना के पूर्व सैनिक मंचासीन रहे कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक मंच से अपील करता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, कार्यक्रम के संयोजक कमल प्रताप सिंह, विधायक मनीषा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, विधायक शरद कोल ने शहर के गणमान्य नागरिकों, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं व्यापारी बंधुओ पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी से अपील की है कि सेना के सम्मान में इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इस गौरवपूर्ण यात्रा का हिस्सा बनें और राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल करें।

### झूला पुल रोड में पोल शिफ्टिंग का नपा ने किया भूमि पूजन

शहडोल। नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली ने बताया है कि झूला पुल रोड में पोल शिफ्टिंग का भूमि पूजन शुक्रवार को करा दिया गया है। जिससे अब इस रोड का निर्माण शीघ्र होगा।

# राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आयुक्त शहडोल संभाग के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे विशेष राजस्व अभियान की समीक्षा की तथा संबंधित राजस्व अधिकारियों को उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। आपने बताया कि अभियान के माध्यम से 20 अप्रैल से 13 मई तक शहडोल जिले में राजस्व से संबंधित 5251 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिसमें नामांतरण के 1921 प्रकरण, बटवारा के 257 प्रकरण, सीमांकन के 1476 प्रकरण, अभिलेख दुरूस्ती के 213 प्रकरण, डायवर्सन के 281 प्रकरण तथा नक्शा तरमीम के 674 प्रकरण एवं धारणाधिकार के 429 प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को उनके न्यायालयों में लंबित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, डायवर्सन, नक्शा तरमीम के प्रकरणों की जानकारी दी तथा निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती एंटोनिया एक्का, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।




# डेंगू बिमारी की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयास जरूरी, जांच जिला चिकित्सालय में निःशुल्क



**विजय मत, शहडोल**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन तथा जिला मलेरिया अधिकारी श्री हनुमान प्रसाद नामदेव के अगुवाई में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आईपीपी सभागार में कार्यषाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि डेंगू बिमारी मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू बिमारी की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयास करें। इसके प्रचार प्रसार एवं रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देखें, साफ करें, ढकें और डेंगू को हराने का उपाय करें यह मूल मंत्र है। डेंगू के सामान्य लदाग के बारे में जाने और लोगों को साफ-सफाई एवं स्वच्छता के साथ डेंगू के लक्षण के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को लगातार 2 से 7 दिन तक बुखार आना, तेज सिर दर्द, जोड़ों में दर्द, आँखों के आस-पास दर्द होना डेंगू के सम्भावित लक्षण है। डेंगू की जांच जिला चिकित्सालय में निःशुल्क की जाती है। आवश्यकता होने पर जाँच करायें। डेंगू बिमारी से बचाव के संबंध में मैदानी अमले की बैठक अंतरविभागीय बैठक करना सुनिश्चित करें तथा माईकिंग नारे अंकन, रैली आदि आयोजित करें आवश्यकता अनुसार व्हॉट्सअप ग्रुप बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करें। आयोजित कार्यशाला में जिला क्षय अधिकारी डॉ. वाई के पासवान, मलेरिया समन्वयक श्री एन. एस. शुक्ला, मलेरिया विभाग के सुपर थाईजर लैब टेक्नीशियन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज इन शॉर्ट



### नागरिक सुरक्षा के तहत होमगार्ड एवं एस.डी.ई.आर.एफ. की टीम द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा के तहत शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में गुरूवार को होमगार्ड एवं एस.डी.ई.आर.एफ. की टीम द्वारा सिविल डिफेन्स वालेन्टियर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा एवं 12 सेवाएं, हवाई हमले चेतावनी एवं सायरन व ब्लैक आउट के दौरान की कार्यवाही, अग्नि आपदा तथा प्रथमोपचार के अंतर्गत सीपीआर, पट्टी ड्रेसिंग आदि के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर होमगार्ड जिला सेनानी अजय सिंह कश्यप, प्लाटून कमाण्डर रामनरेश भवेदी, प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर डॉ. अनिल सक्सेना, एस.डी.ई.आर.एफ. की टीम के सदस्य, महाविद्यालय के स्टॉफ, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### बीएसी एवं जनशिक्षकों के शेष रिक्त पदों की पूर्ति हेतु तृतीय काउंसलिंग 26 मई को

अनूपपुर। विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक (बीएसी) एवं जन शिक्षा केन्द्रों में जन शिक्षक के शेष रिक्त पदों के विरूद्व तृतीय काउंसलिंग 26 मई 2025 को दोपहर 2:00 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक ने दी है। उन्होंने बताया है कि प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ होने के लिए विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक(बीएसी) एवं जनशिक्षक पद हेतु उच्च श्रेणी शिक्षक/माध्यमिक शिक्षक होना चाहिए, 01 जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 52 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए तथा संबंधित के विरुद्ध कोई विभागीय जांच आपराधिक प्रकरण एवं लंबे समय से लगातार अनुपस्थिति की शिकायत आदि प्रचलित नही होनी चाहिए। प्रतिनियुक्ति अवधि शासन के प्रचलित नियम अनुसार होगी। जिला अनूपपुर अंतर्गत कार्यरत लोक सेवक जिनके मूल पद उच्च श्रेणी शिक्षक/माध्यमिक शिक्षक हैं और जो उक्त पदों की अर्हताओं को पूर्ण करते हैं, वह आवश्यक अभिलेख सहित निर्धारित काउंसलिंग में उपस्थित हो सकते हैं।

### 11 के.व्ही. अनूपपुर शहर फीडर में 17 व 18 मई को विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

अनूपपुर। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभाग अनूपपुर अंतर्गत वितरण केन्द्र अनूपपुर (शहर) के 11 के.व्ही. टाउन फीडर का रेलवे ओव्हर ब्रिज अनूपपुर के पास लाइन मेन्टेनेंस एवं लाइन चार्ज का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 17 व 18 मई को 11 के.व्ही. अनूपपुर शहर फीडर से संबंधित समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 7:30 बजे से प्रातः 8:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें -कलेक्टर



सीधी । सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि अप्रैल.25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए.ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने गत दिवस मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सफल आयोजन पर पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि एक ही दिन में जिले में दो प्रमुख कार्यक्रमों का बेहतर समन्वय के साथ पूरी टीम ने सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में संलग्न प्रत्येक व्यक्ति ने पूरी सजगता के साथ दिए गए दायित्वों का निर्वहन किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राजए उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्माए सिहावल एसपी मिश्राए मझौली आर पी त्रिपाठीए चुरहट शैलेष द्विवेदीए कुसमी प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के एल1 एवं एल2 अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने हाईवे पर दबोचा, करीब 9 किलो 80 ग्राम अवैध गांजा, 1 लाख 50 हजार का माल जब्त

# स्कूटी में कंबल के नीचे छिपाकर ले जा रहा था गांजा

**विजय मत, अनूपपुर**

फुनगा पुलिस चौकी और थाना भालूमाड़ा की संयुक्त टीम ने हाईवे छभ्.43 पर पेट्रोलिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को पकड़ाए जो कंबल में छिपाकर करीब 9 किलो 80 ग्राम अवैध गांजा ले जा रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ स्कूटी सहित कुल 1ण्5 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के निर्देश पर चलाए जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत की गई। एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी संजय खलको के निर्देशन में टीम ने यह सफ्लता हासिल की।



### कंबल के अंदर छिपा रखा था गांजा

दिनांक 15 मई को पुलिस टीम शासकीय वाहन से पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान हाईवे पर वेयरहाउस के सामने एक सफेद स्कूटी सवार संदिग्ध दिखाई दिया। संदेह होने पर जब पुलिस ने स्कूटी रोकी और तलाशी ली तो कंबल के अंदर प्लास्टिक की दो बोरियों में भरा हुआ गांजा मिला।

### शहडोल निवासी आरोपी गिरफ्तार

आरोपी ने अपना नाम जुगेश उर्फ राजेश बरगाही ;50 वर्षद्धए निवासी समदाटोला पकरियाए थाना बुढ़ारए जिला शहडोल बताया। गांजा का वजन 9 किलो 80 ग्राम पाया गयाए जिसकी कीमत लगभग 90 हजार रुपये आंकी गई। स्कूटी सहित कुल जब्ती की कीमत 1 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है।

### NDPSएक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर NDPS एक्ट की धारा 8ब्20 के तहत केस दर्ज किया है।

### इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में फुनगा चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्तेए सउनि कोमल अरजरियाए आरक्षक वीर सिंह और राकेश कनासे की सराहनीय भूमिका रही।

# दीवार में सब्बल से छेद कर दुकान में घुसे चोर, पुलिस ने 3 को पकड़ा, एक को जेल भेजा, दो नाबालिग भी शामिल

**विजय मत, अनूपपुर**

सोनमौहरी गांव में एक नाश्ता और किराना दुकान में सेंधमारी की कोशिश करने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया है। चोरों ने दुकान की पीछे वाली दीवार और दरवाजे के पास की चटकनी को लोहे की सब्बल से तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की थी।

दुकान संचालक अशोक राठौर विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए थे। लौटने पर उन्होंने देखा कि दुकान की दीवार में छेद कर अंदर घुसने की कोशिश की गई है। उन्होंने तत्काल कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 237/25 के तहत धारा 3314, 331,5, 305ए, 62, 3,5 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया और जांच शुरू की।




### टीम ने गांव में दबिश देकर पकड़े आरोपी

टीआई अरविंद जैन के नेतृत्व में एएसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक रितेश सिंह और आरक्षक शेख रसीद की टीम ने सोनमौहरी गांव में दबिश देकर तीनों आरोपियों को पकड़ा। मौके से चोरी में इस्तेमाल की गई लोहे की सब्बल भी जब्त की गई है।

### मुख्य आरोपी जेल भेजा गया, दो नाबालिगों पर भी कार्रवाई

मुख्य आरोपी भागचंद राठौर 27 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं उसके साथ शामिल दो विधिविरुद्ध नाबालिग किशोरों के खिलाफभी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस की तत्परता से बड़ी वारदात टली, ग्रामीणों ने की सराहना

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चोरी की वारदात को समय रहते रोका गया। ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस की इस सतर्कता और कार्रवाई की सराहना की है।

## प्रबंधन की सक्रियता से अवैध विद्युत कनेक्शन धारी में हड़कंप

**विजय मत, अनूपपुर**



जमुना कोतमा एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र के लहसुई गोविंदा जमुना में आज दिनांक 16 मई 2025 को चंदेश्वर दयाल एस ओ ई एंडीम विद्युत यांत्रिक विभाग के नेतृत्व में जमुना कोतमा क्षेत्र में लगभग 6 सौ अवैध विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे अवैध विद्युत कनेक्शन धारी में हड़कंप मच गया 16 मई 2025 को लोकप्रिय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी के निर्देशानुसार चंदेश्वर दयाल अपनी टीम में सुधीर कुमार इंजीनियर मारकंडेय सिंह सुरक्षा प्रभारी प्रदीप शर्मा सुपरवाइजर हरजेश शर्मा सुपरवाइजर राम बहोरी इलेक्ट्रीशियन राम भजन हेल्पर संतोष बर्मा ड्राइवर मुन्नी बाई भारद्वाज चौधरी सुरेंद्र चतुर्वेदी अरुण सिंह भारत त्यागी नरेश कोटागले देवेंद्र सिंह अनूप जायसवाल मुन्नू अनवर अली रामाधार भोला केवट गुड्डा व इलेक्ट्रीशियन विद्युत विभाग जमुना कोतमा क्षेत्र के द्वारा टाउनशिप में अवैध कनेक्शन काटा गया जिसमें लगभग 1 मेटा डोर तार एकत्र करके मुख्यालय के स्टोर में जमा किया गया ज्ञात हो कि अवैध विद्युत कनेक्शन रहने से कालरी प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था इसलिए एसईसीएल प्रबंधन ने यह कदम उठाया है मारकंडेय सिंह एरिया सुरक्षा प्रभारी ने बताया कि जमुना कोतमा क्षेत्र में जितने भी अवैध कनेक्शन काटे गए हैं अगर उसे पुनः जोड़ा जाता है तो अगली बार पुलिस को लेकर जाया जाएगा और कनेक्शन धारीयो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व लगभग 15 सौ व 1हजार अवैध कनेक्शन काटे गए थे लेकिन अवैध कनेक्शन धारी बाज नहीं आ रहे हैं और पुनः जोड़ ले रहे हैं।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के कार्यक्रम के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**विजय मत, सीधी**

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल के दिनांक 17 मई शनिवार को जिला सीधी में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर कलेक्टर अंशुमन राज ने अधिकारियों को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।जारी आदेशानुसार अटल ऑडिटोरियम में समुचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी अतिण् मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा एवं सहायक नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन राजीव तिवारी होगे। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक मरम्मत एवं साफसफाई के लिए नोडल अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल होंगी। मंचीय व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी मनोज कुमार बाथम होगे। अटल ऑडिटोरियम मे पानी एवं अन्य व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी सहायक लेखाधिकारी मरेगा अशोक शुक्ला होगे। समस्त चयनित स्थल में समुचित व्यवस्था एवं हिरन नदी उद्गम स्थल पर पूजन एवं भ्रमण ;झोरा झरनाद्ध के लिए नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी एवं सहायक नोडल अधिकारी सहायक यंत्री जनपद पंचायत अंकित रस्तोगी होगे। बिसैंधा नदी उद्गम स्थल पर पूजन एवं भ्रमण ;खंधिया धाम हनुमान मंदिरद्ध के लिए समुचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल रविशंकर मिश्रा एवं सहायक नोडल अधिकारी सहायक यंत्री जनपद पंचायत सिहावल अतुल मिश्रा होगे। सुखा नदी उद्गम स्थल पर पूजन एवं भ्रमण चुनहा टोला पूर्व के लिए समुचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी विकासखण्ड अधिकारी रश्मि पाण्डेय एवं सहायक नोडल अधिकारी सहायक यंत्री जनपद पंचायत सीधी अनूप सिंह एवं तेन्दुन नदी उद्गम स्थल पर पूजन एवं भ्रमण के लिए समुचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी ज्ञानेन्द्र मिश्रा एवं सहायक नोडल अधिकारी सहायक यंत्री जनपद पंचायत मझौली सरिता सिंह होंगी।

## वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

सीधी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरेए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कपिल देव काछीए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मृदुल लटौरिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सीधी मनीष कौशिक द्वारा वन स्टॉप सेंटर जिला सीधी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा उपस्थित लोगों को पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, भरण.पोषण एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कपिल देव काछी ने उपस्थित पक्षकारों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाए नालसा हेल्पलाईन नंण 15100ए नालसा पोर्टलए पीड़ित प्रतिकर योजनाए लोकोपयोगी लोक अदालतए मध्यस्थता योजना की जानकारी दी।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ,प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी , मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कपिल देव काछी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा गुरुवार को लेबर चौक में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, गैर संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकारए असंगठित क्षेत्र के श्रमिको को विधिक सेवाएं, नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवा, एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएद्ध योजनाए 2015, आदिवासियों को विधिक सेवाएंए नालसा ;गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक साक्षरता शिविरद्धए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिको के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

## निःशुल्क राशन के लिए ई.केवाईसी कराने 31 मई अंतिम मौका

**विजय मत, सीधी**

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाले निःशुल्क राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों को ई.केवाईसी कराने शासन द्वारा 31 मई 2025 तक अंतिम अवसर दिया गया है। इधर अधिकारियों को भी विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जारी आदेशानुसार ई.केवाईसी के लिए चलाए जा रहे अभियान को 31 मई तक प्रभावी रूप से चलाने अपर कलेक्टर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभाग स्तर पर सभी अनुविभागीय अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे तथा सहकारी समिति की दुकानें खुलवाने उपायुक्त सहकारिता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार स्वसहायता समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों से कार्य कराने जिला समन्वयक आजीविका मिशन को निर्देशित किया गया है। सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पंचायत सचिवए रोजगार सहायक तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को वार्ड प्रभारी को कार्य कराने ड्यूटी लगाई गई है। इसी के साथ ई.केवाईसी को पूर्ण कराने अनुविभागीय अधिकारी ;समस्तद्धए सहकारिता विस्तार अधिकारीए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारीए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पर्यवेक्षक को भ्रमण कर कार्य कराने जिम्मेदारी दी गई है।उन्होंने बताया कि जिले में 1041065 हितग्राहियों में से 80ण्78 प्रतिशत के ई.केवाईसी हो चुकी है। 200072 हितग्राही के ई.केवाईसी शेष रह गये हैं। इनमें बच्चों वृद्धों के ई.केवाईसी मेरा ई.केवाईसी एप के माध्यम से किया जा रहा है। शेष हितग्राहियों को पीओएस मशीन से ई.केवाईसी कराना है।

## सफलता

## सफलता के लिये टाइम मैनेजमेंट बहुत है आवश्यक

# 12वीं की जिला टॉपर रही विधि केसरी से जाने सक्सेस मंत्र

**विजय मत, सीधी**

हौसले बुलंद हो तो हर राह आसान हो जाती है। राहों के पत्थर भी आपके लिए रास्ते बनाने लगते हैं। विगत दिनों सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में जिले के श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा की कक्षा 12 की छात्रा विधि केसरी ने अपनी मंजिल को मुश्किलों से विचलित हुए बिना अपना आत्मविश्वास चरम पर रखकर परीक्षा की तैयारी कर 500 अंकों में से 491 (98.2 फीसदी) अंक प्राप्त किये। उनके शानदार प्रदर्शन ने न केवल उन्हें अपने स्कूल में टॉपर बनाया, बल्कि जिले के शीर्ष उपलब्धि प्राप्त करने वालों में भी शामिल कर दिया। उनकी इस उपलब्धि से परिजन काफी खुश हैं।

शहर के अमहा निवासी विधि ने अपनी सफलता के लिए नियमित अध्ययन, स्कूल के शिक्षकों, विशेषकर प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी की प्रेरणा के साथ ही अपने माता-पिता और चाचा की हौसला अफजाई को भी बड़ी वजह माना। विधि के पिता रमेश कुमार गुप्ता एक व्यवसायी और मां ममता केसरी ग्रहणी हैं। विधि ने बताया कि पिछले दो वर्षों से उन्होंने मोबाइल को पढ़ाई संबंधित कार्य के अलावा कभी हाथ नहीं लगाया। यही वजह है कि वह सोशल मीडिया से दूर रहकर पूरे मन से पढ़ाई कर पाईं।



### आईएएस बनना है सपना

विधि ने कहा कि सही वक्त पर उचित मार्गदर्शन ही सफलता को दिलाता है। मेरे माता पिता ने किसी भी परिस्थिति में हार न मानने की सलाह दी, हमेशा उसकी हिम्मत बढ़ाई। इसके साथ ही गुरूजनों ने भी उसे बेहतर मार्ग दर्शन प्रदान किया। विधि कहा कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करना चाहती है।

### सक्सेस मंत्र

विधि सफलता के लिए स्ट्रेस बिना पढ़ाई को बताती हैं। परीक्षाओं के दौरान तनाव और थकान को दूर करने के लिए वह लगातार न पढ़कर बीच-बीच में म्यूजिक जरूर सुनती थीं। उन्होंने प्री-बोर्ड के साथ-साथ पुराने पेपर को भी हल करने पर जोर दिया। साथ ही टाइम मैनेजमेंट पर ध्यान दिया, जो शेड्यूल बनाया उसे फॉलो किया। फेसबुक, मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रहा। उनका कहना है कि उन्होंने अधिक पढ़ाई नहीं की बल्कि स्मार्ट स्टडी की जिसका नतीजा उन्हें मिला है। किसी भी विषय में रट्टा नहीं लगाया और समय से पहले ही रिविजन कर लिया था। पढ़ने के समय वह अपने फोन को ऑफ कर देती थी। उनका कहना है कि अच्छे नंबर पाने के लिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि हमने कितने घंटे पढ़ाई की, बल्कि यह मायने रखता है कि हम कितनी देर एकाग्रचित्त होकर किताबों के साथ रहे। बताया कि सेल्फ स्टडीज सबसे ज्यादा जरूरी है। विधि ने अन्य स्टूडेंट्स के लिए कहा कि जो भी स्कूल में पढ़ें या फिर ट्यूशन टीचर पढ़ाए, उसे घर पर आकर जरूर पढ़ना चाहिए। इससे रिविजन हो जाता है और फैक्ट्स भी क्लियर हो जाते हैं।

इनकी मेहनत और समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। सीबीएसई के इस परीक्षा परिणाम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है।

## खराब फिटनेस के कारण कप्तानी की दौड़ से बाहर हुए बुमराह



**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को एक समय कप्तानी का सबसे बड़ा दावेदार माना जा रहा थ पर अब वह इस दौड़ से बाहर नजर आते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को कप्तानी मिलने की संभावना है जबकि पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों ने कहा था कि बुमराह को टेस्ट कप्तानी दी जाये। इन दोनो के अलावा कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों का भी कहना है कि बूमराह ही कप्तानी के योग्य हैं। इसके बाद भी उनका नाम कप्तानी की दौड़ से बाहर नजर आ रहा है। इसका कारण बुमराह की फिटनेस है वह जिस प्रकार बार बार चोटिल होकर मैदान से बाहर होते हैं उससे चयन समिति उन्हें कप्तान के तौर पर सही नहीं मानना। समिति एक ऐसे खिलाड़ी को कप्तान के तौर पर चाहती है जा लगातार खेल सके। बुमराह ने इसी साल ऑस्ट्रेलिया दौरे में पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में कप्तानी की थी। जिसमें भारतीय टीम जीती थी।

बुमराह ने सिडनी में खेले गए आखिरी टेस्ट में भी कप्तानी की थी पर मैच के दूसरे ही दिन बुमराह बैक इंजरी के कारण बाहर हो गये। उसके बाद वह मैदान पर नहीं लौटे।

## न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हेसन बने पाक टीम के कोच



**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर माइक हेसन को अपनी सीमित ओवरों की टीम का नया कोच बनाया है। पीसीबी ने कहा है की कि हेसन पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) समाप्त होने के बाद 26 मई को टीम से जुड़ेंगे। इस वर्ष की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन से भी पीसीबी पर बेहतर कोच रखने का दबाव था। इस पद के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे, जिनमें चार विदेशी कोच शामिल थे। हेसन अभी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएएल) के गत विजेता इस्लामाबाद यूनाइटेड के मुख्य कोच हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी कोच रहे हैं।

पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा कि हेसन अपने साथ अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेकर आए हैं और प्रतिस्पर्धी टीमों को बेहतर तरीके से विकसित करने का उनका एक अच्छा रिकॉर्ड है। नकवी ने कहा, हम पाकिस्तान के सफेद गेंद वाले क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# आईपीएल में आज केकेआर को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने उतरेगी आरसीबी

### शाम 7 बजे से होगा मुकाबला




**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले शनिवार से फिर शुरु हो रहे है। इसमें पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच टक्कर होगी। इस मैच में आरसीबी जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है क्योंकि उसका प्रदर्शन इस सत्र में काफी अच्छा रहा है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी। वहीं दूसरी ओर गत विजेता केकेआर के 12 मैचों में 11 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है और ऐसे में अगर ये मुकाबला वह हारती है या बारिश के कारण ये रद्द होता है तो वह प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी।

आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर भी इस मैच में सभी की नजरें रहेंगी। विराट ने इसी सप्ताह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। विराट ने 9 मई को इस सत्र के स्थगित होने से पहले काफी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदार हैं। ऐसे में प्रशंसक चाहेंगे कि वह इस मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी करें। केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में उसका लक्ष्य इस सिलसिले को बनाये रखना होगा। दोनों टीमों पर नजर डालें तो आसीबी के जीतने की अधिक संभावना है।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**आरसीबी-**फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**केकेआर-**अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, लवनिथ सिसोदिया, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, एनरिक नॉर्किया, स्पेंसर जॉनसन।

## रोहित-कोहली के संन्यास के बाद भी भारतीय टीम वापसी करेगी: मांजरेकर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं है। मांजरेकर के अनुसार टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं जो इनकी जगह ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ियों के अलविदा कहने का समय आया तब इसी प्रकार की चिन्ता जतायी जा रही थी पर युवाओं ने अपने प्रदर्शन से उनकी कमी पूरी की जिससे भारतीय क्रिकेट ने शानदार वापसी की। मांजरेकर ने काह, 'मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना। उन्होंने लिखा, 'जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा खेलने के लिए सामने आ रहे हैं तो टीम को अच्छे खिलाड़ी मिलते रहेंगे। भारतीय टीम में जगह हासिल करना आसान नहीं होता और जो भी यहां तक पहुंचता है उसमें प्रतिभा होती ही है।

मांजरेकर ने कहा, 'इसमें समय लगेगा पर डरने की जरूरत नहीं है। पहले स्टार खिलाड़ियों के जाने के बाद हमारी गेंदबाजी बेहतर हुई। यहां भी ऐसा हो सकता है। नए सितारे आएंगे और नये गेंदबाज भी। भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष टीमों में बनी रहेगी। उन्होंने कहा, ' भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम के होते हुए भी टीम को न्यूजीलैंड से 3-0 से और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। युवाओं से भरी होने वाली टीम के मारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है इसलिए वह निडर होकर खेलेगी।

## आईपीएल के बचे मैचों के लिए नहीं लौट रहे स्टार्क, कैपिटल्स को झटका

**मेलबर्न, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क इंडियन प्रीमियर लीग ने (आईपीएल) के बचे हुए मैचो के लिए भारत लौटने से इंकार कर दिया है। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को करारा झटका लगा है। स्टार्क ने कैपिटल्स को दिये अपने संदेश में कहा कि अब वह आगे नहीं खेल पायेंगे। आईपीएल को 9 मई को पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के बीच ही स्थगित कर दिया गया था। वहीं बीसीसीआई ने संघर्ष विराम के बाद सरकार से अनुमति मिलने के बाद इसे फिर से शुरु किया है। स्टार्क ने सत्र के स्थगि होने से पहले कैपिटल्स के लिए सबसे अधिक 14 विकेट लिए थे। ऐसे में प्लेऑफ में जगह पक्की करने का प्रयास कर रही दिल्ली के लिए उनका नहीं होना एक करारा झटका होगा।

वहीं स्टार्क की पत्नी और महिला क्रिकेटर एलिसा हीली ने 8 मई को याद करते हुए बताया कि जब पड़ोसी शहरों में ड्रोन हमले के सायरन बजने के कारण धर्मशाला में पंजाब किंग्स के साथ मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया था तो सभी डरे हुए थे। एलिसा ने 'कहा, ''बिजली के कुछ टावर की बत्ती बुझ गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है।'' इसके बाद चीजें तेजी से बदल गईं और उन्हें जहां ले जाया गया वहां पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ी पहले से मौजूद थे।

# विराट ने मेरा हौंसला बढ़ाया, बोले कप्तानी तुम्हें योग्यता से मिली: रजत पाटीदार



**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा है कि जब उन्हें कप्तान बनाया गया था तब समझ नहीं आ रहा था कि क्या कहा जाये। ऐसे में पूर्व कप्तान विराट कोहली ने उनका हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि तुमने अपनी योग्यता से इसे हासिल किया है। जिसके बाद से ही उनका उनका मनोबल बढ़ा है। पाटीदार ने 2022 आईपीएल मेगा नीलामी में नहीं खरीदे जाने से लेकर एक ऐसी फ्रेंचाइजी का कप्तान बनने की अपनी यात्रा बतायी है जिससे अभी तक खिताब नहीं जीता हो।

पाटीदार ने इस दौरान पिछले समय को भी याद किया। इस क्रिकेटर ने कहा , मुझे आईपीएल 2022 के लिए मेगा नीलामी से पहले एक संदेश मिला था कि आप तैयार रहें हम आपको शामिल करेंगे। तब मुझे उम्मीद थी कि मुझे एक और अवसर खेलने के लिए मिलेगा पर मुझे मेगा नीलामी में नहीं चुना गया। जिससे मैं थोड़ा निराश था।

पाटीदार ने कहा, तब मैंने नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद इंदौर में स्थानीय मैचों में खेलना शुरू कर दिया था। फिर, मुझे एक कॉल आया कि हम आपको लवनीत सिसोदिया के प्रतिस्थापन के रूप में चुन रहे हैं, जो घायल हो गए थे। तब मैं टीम में नहीं आना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मुझे वहां खेलने का अवसर नहीं मिलेगा, और मुझे हमेशा लगता है कि मैं वहां डगआउट में नहीं बैठना चाहता। वहीं तीन साल बाद उसी आरसीबी की कप्तानी हासिल होने से मुझे शुरुआत में हैरानी भी हुई।

पाटीदार ने कहा, मेरे मन में कई सवाल थे, जैसे कि टीम में बहुत सारे बड़े खिलाड़ी हैं। विराट कोहली इतने बड़े खिलाड़ी हैं, आप उनके नेतृत्व में यह कैसे कर पाएंगे पर मुझे पता था कि मुझे उनका पूरा समर्थन है।

# बिजनेस

### सोने में गिरावट, चांदी के दाम बढ़े

## सोना 64 गिरकर 92301 पर आया, चांदी 94606 किलो हुई



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने के दाम में आज यानी 16 मई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 64 कम होकर 92,301 पर आ गया है। कल सोने की कीमत 92,365 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 34 बढ़कर 94,606 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 94,572 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक 16,139 रुपए महंगा हो चुका है सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 16,139 रुपए बढ़कर 92,301 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 8,589 रुपए बढ़कर 94,606 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

## आरबीआई आगामी महीनों में कर सकता है रेपो रेट में कटौती

### होम और कार लोन लेने वालों को मिल सकती है बड़ी राहत



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जून से दीपावली (20 अक्टूबर) तक रेपो रेट में कुल 0.50 फीसदी की कटौती की संभावना है। इस कटौती का सीधा असर होम लोन, कार लोन और अन्य कर्जों की ईएमआई को भी प्रभावित करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 4 से 6 जून के बीच होने वाली है, जिसमें 0.25 फीसदी की कटौती लगभग तय मानी जा रही है। इसके बाद 5 से 7 अगस्त या फिर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने वाली बैठक में एक और 0.25 फीसदी की कटौती की संभावना है। रेपो रेट में अब तक 0.50 फीसदी की कटौती हो चुकी है। आरबीआई ने इस वर्ष फरवरी से दरों में कटौती शुरू की थी और अब तक दो बैठकों में कुल 0.50 फीसदी की कटौती कर रेपो रेट को 6 फीसदी तक ला चुका है। यदि आगामी दो बैठकों में और कटौती होती है, तो यह दर और सस्ती हो जाएगी, जिससे उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। एसबीआई सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि रेट कट के लिए सभी आर्थिक कारक अनुकूल हैं। महंगाई काबू में है, मानसून सामान्य रहने के संकेत हैं और जीडीपी स्थिर बनी हुई है। खुदरा महंगाई जुलाई 2019 के बाद सबसे निचले स्तर पर है। ऐसे में ब्याज दरों में कटौती की पूरी संभावना है।

### रुपया बढ़त के साथ हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की हल्की बढ़त के साथ ही 85.51 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 12 पैसे बढ़कर 85.42 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि व्यापार घाटे में वृद्धि, घरेलू बाजारों में कमजोर शुरुआत और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में बढ़ोतरी जैसे कारक स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित कर सकते हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.28 पर मजबूती के साथ खुला। बाद में 85.42 पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दिखात है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.54 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 फीसदी की गिरावट के साथ 100.641 पर रहा।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी का मुनाफा 20.05 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** विद्युत उत्पादक कंपनी जेएसडब्ल्यू एनर्जी का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 345.27 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 414.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसे 414.51 करोड़ रुपये का सकल मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 345.27 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.05 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी कुल आय 2,879.35 करोड़ रुपये से 21.5 प्रतिशत बढ़कर 3,497.39 करोड़ रुपये हो गई। इसी तरह उसका कुल व्यय भी 2,547.28 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,142.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

### जापान की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत

**तोक्यो।** जापान की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में घटकर 0.7 प्रतिशत रह गई। मंत्रिमंडल कार्यालय के शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, जापान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद जनवरी-मार्च में अक्टूबर दिसंबर 2024 की तुलना में अपेक्षा से अधिक 0.2 प्रतिशत सिकुड़ गया। एक साल में पहली बार इसमें संकुचन दर्ज किया गया। जापान की अर्थव्यवस्था 2024 की अंतिम तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2.4 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी थी। निर्यात में 2.3 प्रतिशत की वार्षिक दर से गिरावट आई। उपभोक्ता व्यय स्थिर रहा, जबकि पूंजी निवेश में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अमेरिकी शुल्क से जापान के बड़े निर्यातकों, खास तौर पर मोटर वाहन विनिर्माताओं को नुकसान होने की आशंका है। न केवल जापान से भेजे जाने वाले उत्पादों के लिए, बल्कि मेक्सिको और कनाडा जैसे अन्य देशों से भीज। अधिकारियों ने माना कि प्रतिक्रिया की योजना बनाना एक चुनौती है क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना रुख बदलते रहते हैं।

### एसबीआई ने होम लोन की ईएमआई में नहीं किया बदलाव

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मई 2025 के लिए अपनी लेंडिंग रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया है। बैंक ने अपनी मार्जिनल कॉस्ट बेस्ड लेंडिंग रेट यानी एमसीएलआर और रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) को पहले जैसी ही बनाए रखा है। इससे लोन लेने वाले ग्राहकों पर बोझ नहीं बढ़ेगा। अप्रैल 2025 में आरबीआई ने अपनी एमपीसी बैठक में रेपो रेट को 6.25 फीसदी से घटाकर 6.00 फीसदी कर दिया था। इसके बाद एसबीआई ने भी अपने बाहरी बेंचमार्क से जुड़ी लोन दरों में 25 बेसिस पॉइंट्स यानी 0.25 फीसदी की कटौती की थी। गौरतलब है कि एमसीएलआर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर विकसित की गई एक मेथड है जिसके आधार पर बैंक लोन के लिए ब्याज दर निर्धारित करते हैं।

## भारत की निर्यात क्षमता वित्त वर्ष 2024-25 में 50 प्रतिशत से अधिक



- इंजीनियरिंग उत्पादों की सबसे अधिक 26.67 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की निर्यात क्षमता इस वित्त वर्ष में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग सामानों की हिस्सेदारी में 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि करते हुए जारी है, जैसे कि सरकारी आंकड़े दर्शाते हैं। इस महत्वपूर्ण वृद्धि के दौरान, इंजीनियरिंग उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो सबसे अधिक 26.67 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखते हैं। उन्हें खासी वृद्धि की गई है और इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय उत्पादों की मांग वृद्धि कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक सामानों के क्षेत्र में भी 32.46 प्रतिशत की वृद्धि शानदार है, जो अमेरिकी डॉलरों में वृद्धि करके 38.58 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। इस बड़ी वृद्धि के साथ बाजारों में भारतीय उत्पादों की मांग और पसंद दिखा रही है। दवाएँ और औषधि का निर्यात भी बढ़ रहा है, जिससे भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। कृषि सेक्टर में भी अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है, जैसे कि चावल, सब्जियों, फलों और समुद्री उत्पाद का निर्यात बढ़ रहा है। चीन, यूएई, बांग्लादेश और थाईलैंड जैसे देश इसके मुख्य आयातक हैं, जो भारत के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ा रहे हैं। इसी तरह, भारत ने चाय, कॉफी, तंबाकू और अन्य उत्पादों का भी वृद्धि दर्ज की है, जिससे उसका निर्यात मानक संभाले रखने में मदद मिलेगी। इस वृद्धि के साथ भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय मांग और महत्व और बढ़ चुकी है, जिससे भारत के निर्यात क्षमता में सुधार हो रहा है।

# सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 82,330 पर बंद, निफ्टी भी 44 अंक फिसला

### बैंकिंग और आईटी शेयर्स में रही गिरावट



**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज यानी 16 मई को गिरावट रही। सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 82,330 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 42 अंक की गिरावट रही। ये 25,019 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में गिरावट और 16 में बढ़त देखने को मिली। आज बैंकिंग और आईटी शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। वहीं एनर्जी और फाइनेंस शेयर्स मजबूती के साथ बंद हुए।

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2 अंक 0.005 प्रतिशत नीचे 37,753 पर बंद हुआ। कोरिया का कोस्पी 6 अंक (0.21 प्रतिशत) चढ़कर 2,626 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 108 अंक (0.46 प्रतिशत) नीचे 23,345 पर बंद हुआ। चीन के शंघाई कंपोजिट में 13 अंक (0.40 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 3,367 पर बंद हुआ। 15 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 271 अंक (0.65 प्रतिशत) चढ़कर 42,322 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट 34 अंक गिरकर 19,11 पर आ गया।

स्पिरिट बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 में 195 करोड़ का मुनाफा हुआ है। पिछले वित्त वर्ष (FY24) के मुकाबले यह 98 गुना ज्यादा है। FY24 में कंपनी को 2 करोड़ का मुनाफा हुआ था। FY2025 में कंपनी ने कुल 3,541 करोड़ की कमाई की, जो पिछले वित्त वर्ष के 3,334 करोड़ के मुकाबले 6.2 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, वित्त वर्ष 2025 के चौथी तिमाही (जनवरी मार्च) में कंपनी को कुल 79 करोड़ का मुनाफा हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 2 करोड़ रुपए था।चौथी तिमाही में ऑपरेशंस से कुल 935 करोड़ की कमाई की। सालाना आधार पर यह 21.4 प्रतिशत बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी ने 770 करोड़ की कमाई की थी।

इससे पहले कल शनी 15 मई को सेंसेक्स 1200 अंक (1.48 प्रतिशत) चढ़कर 82,531 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 395 अंक (1.6 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 25,062 के स्तर पर बंद हुआ था। 17 अक्टूबर के बाद निफ्टी ने आज पहली बार 25,000 के स्तर को पार किया।

## रोटरी क्लब ग्वालियर तेजस का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं समर कैंप आयोजित

# सेवा ही जीवन है की भावना को साकार कर रहा रोटरी क्लब ग्वालियर तेजसः आशीष उषा अग्रवाल

विजय मत, ब्यूरो, ग्वालियर





यह समारोह न केवल प्रतिभाओं को सम्मानित करने का एक मंच था, बल्कि समाज में सकारात्मकता और प्रेरणा का संचार करने का एक उत्कृष्ट प्रयास भी रहा। रोटरी क्लब ने एक बार फिर सिद्ध किया कि सामाजिक उत्थान के लिए उनकी प्रतिबद्धता अटूट है। रोटरी क्लब सदैव अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाते हुए समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। ÷सेवा ही जीवन है÷ की भावना को समर्पित यह संस्था निःस्वार्थ भाव से जनहित में कार्य कर रही है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने रोटरी क्लब ग्वालियर तेजस द्वारा सांदीपनी पद्मा राजे कन्या विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं समर कैंप में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब-तेजस ने एक शानदार प्रतिभा सम्मान समारोह एवं समर कैंप का आयोजन किया, जो शहर के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक सुनहरा अध्याय जोड़ गया। जब किसी मंच से प्रतिभाओं का सम्मान होता है तो निश्चित ही हम एक बेहतर कल को आकर दे रहे होते हैं। यह आयोजन बच्चों को कुछ नया सीखने का अवसर था। योग हमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है इसलिए आप लोगों ने जो यहां पर सीखा है उसे जीवन का प्रमुख अंग बनाएं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने न केवल सीमा पार घुसकर पाकिस्तान में 9 टेरर लॉन्चिंग पैड पूरी तरह तबाह किए, बल्कि उनके एयरबेसों को भी समूल नष्ट कर दिया। यह हमला केवल जवाब नहीं था - यह एक स्पष्ट संदेश था कि अब भारत सहन नहीं, समाप्त करता है। ÷यह मोदी युग का भारत है - जो पहले चेतावनी नहीं देता, सीधे कार्रवाई करता है।÷ अब भारत चुप नहीं बैठता, अब भारत जवाब देता है – वह भी दुगुना और निर्णायक क्षमता के साथ।÷

इस अवसर पर रोटरी क्लब-तेजस के अध्यक्ष रोटे. राकेश जैन, रोटे. चंद्र प्रकाश खंडेलवाल, रोटे. धर्मेंद्र जैन, चार्ट प्रेसिडेंट नरेश जैन, वैश्य महासम्मेलन तहसील मुरार के अध्यक्ष वैश्य महेंद्र जैन, महामंत्री वैश्य आशीष जैन, कोषाध्यक्ष वैश्य सचिन जैन, प्रदीप पाराशर, राजेश तायल, महेश चंद्र जैन, संजय श्रोतीय, अमरीश गुप्ता सहित संस्था के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संजीव कुमार झा होंगे मध्यप्रदेश के नए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

विजय मत, भोपाल



मध्यप्रदेश को नया मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मिलने जा रहा है। 1996 बैच के आईएएस अधिकारी संजीव कुमार झा को इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। झा वर्तमान में राजस्व मंडल (रेवेन्यू बोर्ड) में सदस्य के रूप में पदस्थ हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य शासन द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। संजीव कुमार झा की नियुक्ति के साथ ही यह तय हो गया है कि वर्तमान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह की प्रशासन में वापसी होगी। सुखवीर सिंह 1997 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उन्होंने अगस्त 2024 में पदभार संभाला था। वे लगभग साढ़े आठ महीने तक इस पद पर रहे।

बताया जा रहा है कि सुखवीर सिंह की पदस्थापना के कुछ ही समय बाद राज्य शासन ने निर्वाचन आयोग को फेरबदल का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर अब सहमति मिल गई है। संजीव कुमार झा को भी रेवेन्यू बोर्ड में अगस्त 2024 में ही भेजा गया था, और अब उनकी भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में वापसी हो रही है।

### शहरी क्षेत्रों में तालाबों को प्रदूषण मुक्त करने के लिये 74 करोड़ रूपये का अनुदान

**भोपाल।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली झीलों एवं तालाबों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा संरक्षण एवं संवर्धन योजना चलाई जा रही है। योजना में अब तक 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों की योजनाओं के लिये 74 करोड़ रूपये की राशि अनुदान के रूप में जारी की जा चुकी है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर प्रदेशवासी लें जल जमाव रोकने का संकल्पः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' के अवसर पर कहा है कि स्वस्थ मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए स्वच्छता, जागरूकता और समय पर उपचार ही हमारा सबसे कारगर हथियार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे डेंगू का मुकाबला करने के लिए स्वच्छता को अपनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी नागरिक एकजुट होकर यह प्रण लें कि अपने आस-पास कहीं पर भी जल जमाव नहीं होने देंगे। साथ ही मच्छरों से बचाव और डेंगू के लक्षण व इलाज के प्रति समाज को जागरूक करेंगे, क्योंकि बचाव ही डेंगू का उपचार है।

### श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., भोपाल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह संस्था विशेष रूप से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती है। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर 31 मई 2025 तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में संचालित दो वर्षीय पाठ्यक्रमों में तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन एवं सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट शामिल हैं। वहीं एक वर्षीय पाठ्यक्रमों में फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी एवं वेल्डर ट्रेड संचालित हैं। वेल्डर ट्रेड में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा आठवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। शेष सभी ट्रेडों के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह योजना पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए तकनीकी दक्षता का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। इच्छुक छात्र समय पर पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस आज अखबार वितरकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भोपाल।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में एक माह के अभियान 17 मई से 16 जून तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। भोपाल में विभिन्न स्थानों पर अखबार वितरकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच (बीपी/शुगर), दवा वितरण, एनसीडी स्रीष निंग ए.एन.सी जांच, आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड बनना एवं ई-केवाइसी किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा इस संबंध में चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों को डयूटी लगाई गई हैं। स्वास्थ्य शिविर दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक 12 दफ्तर जवाहर चौक शेड नम्बर-9,12 दफ्तर जवाहर चौक, कोलार अमित स्टेशनरी सर्वधर्म बी सेक्टर कोलार एवं दैनिक भास्कर कार्यालय दैनिक भास्कर 06 द्वारका सदन, प्रेस कॉम्प्लेक्स एमपीनगर जोन-01 में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### बारिश में करंट से बचने के लिये एडवायजरी जारी

**भोपाल।** मॉनसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्रोत से प्राप्त की जा सकती है या घर पर ही गहरा गढ़डा खोदकर खुद बनाई जा सकती है। बारिश में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गयी है। जारी एडवायजरी में घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था रखें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है, इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। दो पिन वाले बिना अर्थिंग के उपकरणों का प्रयोग न करें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों। तारों को सॉकेट में लगाने के लिए माचिस की तीलियों का प्रयोग न करें। किसी भी तार को तब तक न छुएं, जब तक बिजली बंद न कर दी गई हो। अर्थिंग के तार को न्यूट्रल के विकल्प के तौर पर प्रयोग न करें। सभी जोड़ों पर बिजली वाली टेप लगाएं, न कि सेलोटेप या बेंडेड।

## मप्र में पारा 45 डिग्री के पार, छतरपुर सबसे गर्म

# बड़वानी में तेज बारिश, आज से हीट वेव चलने का अलर्ट

विजय मत, भोपाल



आंधी-बारिश के बीच मध्यप्रदेश में शुक्रवार को गर्मी के तेवर भी देखने को मिले। दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। छतरपुर जिला सबसे गर्म रहा। यहां खजुराहो में पारा प्रदेशभर में सबसे ज्यादा 45.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ग्वालियर और नौगांव में भी 45 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इस सीजन में पहली बार पारा इतना पहुंचा है। इसी तरह सतना में 44.1 डिग्री, गुना, शिवपुरी-टीकमगढ़ में 44 डिग्री, रीवा में 43.6 डिग्री, सीधी में 42.4 डिग्री, दमोह में 41.5 डिग्री, उमरिया में 40.5 डिग्री, सागर में 40.2 डिग्री और रायसेन में 40 डिग्री तापमान रहा।

पांच बड़े शहरों में ग्वालियर के बाद जबलपुर सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 40.3 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 38.4 डिग्री, इंदौर में 36.9 डिग्री और उज्जैन में 39 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

*इन जिलों में सबसे ज्यादा गर्मी रहेगी... मौसम विभाग की मानें तो मई महीने में ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, मैहर, टीकमगढ़, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, मुरैना, राजगढ़, रायसेन, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी और विदिशा जिलों में पारा 45 डिग्री या इससे ज्यादा रहने का अनुमान है। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ मालवा-निमाड़ के कुछ शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, निवाड़ी के पृथ्वीपुर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। भोपाल में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है जबकि इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी पारा इतना रह सकता है। बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ेगी। यहां पारा 46-47 डिग्री के बीच पहुंचने का अनुमान है।*

#### 13 से ज्यादा शहरों में आंधी-बादल

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को डिंडौरी, सिवनी, बुरहानपुर, खरगोन, मंडला, अनूपपुर, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा, बैतूल, धार, खरगोन समेत कई जिलों में मौसम बदला रहा। यहां आंधी और बादल वाला मौसम देखने को मिला। भोपाल में दिन में तेज धूप खिली रही। बड़वानी में दोपहर डेढ़ बजे के बाद अचानक मौसम बदला और 20 मिनट तक तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने 17 मई से उत्तरी हिस्से के जिलों में हीट वेव यानी गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है।

#### मई में बारिश-आंधी का दौर, दूसरे पखवाड़े में गर्मी रहेगी

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मई के महीने में ही सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। पिछले 10 साल का ट्रेंड देखें तो कई शहरों में पारा 47-48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। दिन में हीट वेव चलती है तो रातें भी गर्म रहती हैं। लेकिन इस बार मौसम का मिजाज अलग रहा। पहले पखवाड़े में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरने का दौर जारी रहा। अगले चार दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम विभाग ने दूसरे पखवाड़े से गर्मी का असर बढ़ने का अनुमान जताया है।

## नीट यूजी रिजल्ट पर हाईकोर्ट की रोक, बारिश से बिगड़ गई थी कई छात्रों की परीक्षा

विजय मत, ब्यूरो, इंदौर



इंदौर में नीट यूजी परीक्षा के दौरान अचानक बदले मौसम ने हजारों छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए। 4 मई को हुई इस परीक्षा के दौरान कई इलाकों में तेज हवा और बारिश के कारण बिजली गुल हो गई थी, जिससे कई छात्र पेपर तक नहीं पढ़ पाए। बिजली संकट के चलते परीक्षार्थियों की एकाग्रता भंग हो गई और उनका पेपर पूरी तरह से प्रभावित हुआ। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम के चलते अब मामला मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच तक पहुंच गया है। कोर्ट ने इस मामले में यूजी के अंतरिम परिणाम पर रोक लगा दी है।

#### कोर्ट का सख्त रुख, जब तक अंतिम फैसला न हो रिजल्ट न जारी करें

हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि एनटीए, बिजली कंपनी और परीक्षा केंद्रों से इस समस्या पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसी वजह से अदालत ने नीट यूजी के रिजल्ट पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक परीक्षा परिणाम घोषित न किया जाए। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA), बिजली वितरण कंपनी और संबंधित परीक्षा केंद्रों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सभी पक्षों को 30 जून तक जवाब प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

#### ऐसे मामलों में दोबारा परीक्षा की मिसालें पहले भी मौजूद

शैक्षणिक विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार की समस्याएं पहली बार नहीं आई हैं। 2016 में ओडिशा में आए चक्रवात के दौरान एनटीए ने वहां प्रभावित छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा कराई थी। वर्ष 2022 में भी नियमों की गड़बड़ी के चलते होशंगाबाद सहित कुछ केंद्रों पर पुनः परीक्षा आयोजित की गई थी। इसी तरह की घटनाओं से यह संकेत मिलता है कि प्रभावित छात्रों को दोबारा परीक्षा का अवसर दिया जाना चाहिए। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि वे इस परीक्षा के लिए पूरी मेहनत से तैयार थे, लेकिन खराब व्यवस्थाओं ने उनका भविष्य अधर में लटका दिया है। अब सभी की निगाहें हाईकोर्ट के अंतिम फैसले और एनटीए की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं।

## बिजली कंपनी में कार्यरत सभी श्रेणी के कर्मचारी योजना में शामिल

# बिजली चोरी के सूचनाकर्ता को पारितोषिक की पांच फीसदी राशि तुरंत मिलेगी

विजय मत, भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को दी जाने वाली 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा। शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत देय होगी।

कंपनी में कार्यरत नियमित कर्मचारी/ संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है, परंतु उसे सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं उसके बाद बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कंपनी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जांच एवं वसूली के कार्य में सम्मिलित बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को भी परितोषिक योजना के तहत दी जाने वाली 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि को सभी संबंधितों को समान रूप में दिया जाना निर्धारित किया गया है।

### शिक्षकों के तबादला आवेदन की तारीख बढ़ी, अब 21 मई तक कर सकेंगे अप्लाई, 25 से जारी होंगे आदेश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शिक्षकों के स्वैच्छिक तबादलों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने नई समयसीमा घोषित की है। पहले जहां 16 मई तक ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख थी, अब इसे बढ़ाकर 21 मई कर दिया गया है। इसी तरह तबादला आदेश अब 25 मई से जारी किए जाएंगे। लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, वर्ष 2025-26 की स्थानांतरण नीति के तहत आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक अब शिक्षक 21 मई तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। तबादला आदेश 25 मई से जारी किए जाएंगे। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, कलेक्टरों, जिला पंचायत सीईओ और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश भेज दिए गए हैं।

## जिंदगी के रंगः अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और जीवन कौशल का उत्सव

विजय मत, भोपाल



संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क ने इस सप्ताह ÷ज़िंदगी के रंग÷ नामक एक प्रेरणादायक और सृजनात्मक श्रृंखला की शुरुआत की, जो युवाओं को आत्म-अभिव्यक्ति का एक प्रभावशाली मंच देने और उनके भीतर छिपी रचनात्मकता एवं जीवन कौशल को उजागर करने की एक अनूठी पहल है। तीन दिवसीय आयोजन में पेंटिंग, अभिनय और फोटोग्राफी जैसे कला रूपों के माध्यम से प्रतिभागियों को न केवल अपनी भावनाओं और दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को भी आत्मसात किया।

श्रृंखला में पहले दिन, प्रसिद्ध लाइफ कोच सायंती अधिकारी के सान्निध्य में छात्रों ने रंगों के ज़रिए अपने विचारों और भावनाओं को कैनवास पर साकार किया। दूसरे दिन, सौरभ अनंत और विहान आर्ट ग्रुप के सहयोग से प्रतिभागियों ने अभिनय के माध्यम से संवाद, अभिव्यक्ति और मंचीय आत्मबल को निखारा। तीसरे दिन अनुभवी फोटोग्राफर भावना जायसवाल ने छात्रों को फोटोग्राफी की तकनीकी बारीकियों और रचनात्मक दृष्टिकोण से परिचित कराया, जिससे उन्होंने कैमरे की आंख से दुनिया को नए अंदाज़ में देखना सीखा।

**खास-खबर** जल गंगा संवर्धन अभियान : केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की टीम ने किया सर्वे

# रिपोर्ट के आधार पर बनाए जाएंगे जल स्त्रोतों के रिचार्ज

विजय मत, भोपाल



केन्द्रीय भू-जल बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक राकेश सिंह के नेतृत्व में भू-जल विशेषज्ञों की टीम ने विदिशा जिले के जल स्त्रोतों का सर्वे किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इस तरह के सर्वे प्रदेश भर में कराए जाएंगे। इनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जल स्त्रोतों के रिचार्ज के लिए संरचनाएं बनाई जाएंगी। इस कार्रवाई को मानसून के सक्रिय होने से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा।

जल गंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश की एकल नल जल योजनाओं के स्त्रोतों के स्थायित्व और निरंतरता के लिए रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जाना है। गांवों में रिचार्ज संरचनाओं के लिए स्थल चयन की सरल और सहज विधि आवश्यक है। इसके लिए प्रथम चरण में विदिशा जिले के तीन गांवों का चयन किया गया है। इनमें विदिशा विकासखंड का लालाखेड़ी, ग्यारसपुर विकासखंड के सिमरहार और मूडरा गणेशपुर शामिल हैं। सर्वे के लिए वैज्ञानिक सिंह और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की भू-जल विद सलाहकार डॉ. स्वाति जैन ने जनपद पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर्स को प्रशिक्षण दिया। गांवों में खनित नलकूपों का वास्तविक सर्वेक्षण कर उनकी गहराई, जलस्तर, केसिंग की जानकारी एकत्रित की गई। ग्रामीणों को रिचार्ज संरचनाओं की उपयोगिता समझाई गई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से रिचार्ज का मापदंड, वर्षा जल का प्रभावी रूप से रिचार्ज होना और प्रदूषण रहित जल से भू-जल पुनर्भरण किये जाने के बारे में बताया गया। वैज्ञानिक सिंह ने बताया कि गांव के ढलान के अनुसार पानी को दिशा देकर 3-3 मीटर के फिल्टर के माध्यम से नलकूपों में पुनर्भरण किया जा सकता है।

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। अभियान जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए गुड़ी पड़वा से प्रारंभ हुआ ये अभियान गंगा दशहरा 30 जून 2025 तक जारी रहेगा। अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम देवास की टीम ने जन भागीदारी के साथ चौपड़ा मंदिर स्थित भैरूगढ़ बावड़ी 947 श्रमदान कर साफ-सफाई की।

## अवैध कॉलोनियों और शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया, जिला प्रशासन ने तीन एकड़ जमीन मुक्त कराई

विजय मत, भोपाल



कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर तहसील हुजूर क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। राजस्व विभाग, पुलिस, नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। कार्रवाई के तहत मिलेनियम कॉलेज द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा ग्राम छावनी पठार स्थित करीब तीन एकड़ की बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

इसी क्रम में ग्रीनवुड फार्म नामक अवैध कॉलोनी में चल रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त किया गया। साथ ही बरखेड़ा नाथू क्षेत्र के मयूरी गार्डन और रॉयल रिसॉर्ट में किए जा रहे अवैध निर्माणों को भी तोड़ा गया। इसके अतिरिक्त ग्राम कोड़िया में लगभग पांच एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अवैध कॉलोनियों का निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मामलों में कठोर और निरंतर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध कॉलोनियों से प्लॉट या निर्माण खरीदने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें और अधिकृत दस्तावेजों को ही आधार बनाएं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com